mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-280 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
09 अक्टूबर 2024 बुधवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित

शाकिब अल हसन...

@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### सप्तम मां कालरात्रि



मां के सप्तम रूप का नाम है मां कालरात्रि। यह मां का अति भयावह व उग्र रूप है। सम्पूर्ण सृष्टि में इस रूप से अधिक भयावह और कोई दूसरा नहीं। किन्तु तब भी यह रूप मातृत्व को समर्पित है। देवी मां का यह रूप ज्ञान और वैराग्य प्रदान करता है।

### बेंगलुरु में बर्थडे केक खाने से बच्चे की हो गई मौत

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बेंगलुरु के भुवनेश्वरी नगर इलाके में सोमवार को बर्थडे केक खाने से 5 साल के एक बच्चे की मौत हो गई। उसके माता-पिता की हालत गंभीर है। दोनों अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं। हालत गंभीर बताई जा रही है। कपल की पहचान बलराज और नागलक्ष्मी के रूप में हुई है। उनके बच्चे का नाम धीरज था।

बलराज स्वीगी कंपनी में डिलीवरी बॉय का काम करते हैं। रविवार, 6 अक्टूबर को एक कस्टमर ने केक का ऑर्डर कैंसिल कर दिया था, जिसके बाद बलराज केक अपने घर ले आए थे। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि बलराज ने अपने बेटे के बर्थडे पर स्वीगी के जरिए एक बेकरी से केक ऑर्डर किया था। उन्होंने अपने बेटे धीरज का जन्मदिन मनाया। पूरे परिवार ने साथ मिलकर केक काटा और खाया। फिर डिनर करके सो गए। अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्चे की मौत हुई सोमवार सुबह तीनों के पेट में तेज दर्द होने लगा।

### उत्तराखंड में यूसीसी का ड्रॉफ्ट तैयार, जल्द होगा लागू

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने को लेकर अंतिम रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। राज्य सरकार की तरफ से बनाई गई यूसीसी कमेटी इस रिपोर्ट को जल्द ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंपेगी। यह रिपोर्ट उत्तराखंड में यूसीसी लागू करने के

लिए तैयार की गई सिफारिशों का मसौदा है, जिसमें विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, और गोद लेने जैसे व्यक्तिगत कानूनों को समान रूप से लागू करने के प्रावधान शामिल हैं। सीएम धामी ने हाल ही में घोषणा की थी कि सरकार 9 नवंबर को उत्तराखंड स्थापना दिवस पर यूसीसी लागू करना चाहती है। उत्तराखंड ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य होगा। 13 मार्च को यूसीसी बिल को राष्ट्रपति से मंजूरी मिली थी।

# हरियाणा में बीजेपी की हैट्रिक, मिली प्रचंड जीत

### लगातार तीसरी बार बन रही सरकार, कांग्रेस के साथ हो गया 'खेला'

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा के परिणामों में बीजेपी तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। राज्य में ऐसा करने वाली पहली पार्टी होगी। पार्टी को कुल 90 सीटों में से 49 सीटों पर बढ़त है। 41 सीटों पर जीत मिल चुकी है उधर, कांग्रेस को 3 सीटों पर बढ़त है। 33 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है। मुख्यमंत्री नायब सैनी

और कांग्रेस नेता भूपेंद्र हुड्डा अपनी-अपनी सीटों पर बढ़त बनाए हुए हैं। उधर, कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया है कि जानबूझकर चुनाव आयोग की वेबसाइट पर रिजल्ट धीमे-धीमे शेयर किया जा रहा है। क्या भाजपा प्रशासन पर दबाव बनाने की कोशिश कर रही है। मतगणना सुबह 8 बजे शुरू हुई। रुझान आते ही कांग्रेस ने बढ़त बना ली थी और कुछ देर तक एक तरफा जीत की ओर थी। पार्टी ने 65 सीटों को छू लिया था। भाजपा कम होकर 17 सीटों पर आ गई थी। लेकिन 9.30 बजे भाजपा टक्कर में आ गई।

## जम्मू-कश्मीर में इंडिया गठबंधन को मिला बहुमत

- एनसी-कांग्रेस ने किया किला फतह, बीजेपी के सपने चकनाचूर
- फारुक अब्दुल्ला का बड़ा ऐलान, उमर अब्दुल्ला बनेंगे सीएम

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के परिणाम आ गए हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) और कांग्रेस गठबंधन की सरकार बन रही है। गठबंधन को 48 सीटों पर जीत मिली है। जिसमें से नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 42 सीटें जीत ली हैं। वहीं कांग्रेस को 6 सीटों पर जीत मिली है। वहीं बीजेपी 29 सीटों पर जीत हासिल कर चुकी है। पीडीपी ने 3 सीटें जीत ली है। एक सीट आम आदमी पार्टी को मिली है। 7 सीटों पर निर्दलीय भी जीत दर्ज कर चुके हैं। 90 सीटों वाली विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 46 है। इस बीच, नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारुक अब्दुल्ला ने कहा- उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के अगले सीएम होंगे। उमर अब्दुल्ला दो सीट पर चुनाव लड़े। बडगाम में उन्हें जीत मिली, गांदरबल का किला भी उन्होंने फतह कर लिया है। जम्मू-

कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती श्रीगुफवारा-बिजबेहरा सीट से हार गई। उन्होंने कहा- मैं लोगों के फैसले को स्वीकार करती हूं। उधर भाजपा अध्यक्ष रविंद्र रैना नौशेरा सीट से हार गए हैं। जम्मू-कश्मीर में 18 सितंबर से 1 अक्टूबर तक 3 फेज में 63.88 फीसदी वोटिंग हुई थी। 10 साल पहले 2014 में हुए चुनाव में 65 फीसदी वोटिंग हुई थी। इस बार 1.12 फीसदी कम वोटिंग हुई। फारुक अब्दुल्ला ने कहा, जनता ने जनादेश दे दिया है। इससे साबित होता है कि 5 अगस्त को 370 हटाने का जो फैसला लिया गया, उसे लोगों ने स्वीकार नहीं किया।

## आम आदमी पार्टी की जम्मू-कश्मीर में लग गई लॉटरी

### केजरीवाल हरियाणा में खाता नहीं खोल पाए पर घाटी से मिला सरप्राइज गिफ्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के रिजल्ट आ गए हैं। जहां एक तरफ कांग्रेस-एनसी गठबंधन का विजय रथ धूम मचा चुका है वहीं इसी बीच आम आदमी पार्टी ने भी अपना खाता खोल दिया है। जम्मू कश्मीर की 90 विधानसभा सीटों में से डोडा सीट पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मेहराज मलिक ने जीत दर्ज की है। डोडा विधानसभा में एएपी की जीत 4,770 वोटों से हुई है। उन्हें कुल 22,944 मिले हैं। जबकि दूसरे नंबर रहे बीजेपी के गजय सिंह राणा को 18,174 वोट मिले हैं। जबकि तीसरे नंबर जम्मू एंड कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के

उम्मीदवार रहे हैं। मेहराज मलिक ने अपने एक्स हैंडल पर अपनी जीत के घोषणा का वीडियो शेयर किया है। जिसमें मतगणना केंद्र से अधिकारी डोडा से उनकी जीत का ऐलान कर रहे हैं। जम्मू कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। इससे पहले साल 2014 में बीजेपी को डोडा सीट पर जीत मिली थी। उसे पहले यहां पर कांग्रेस का कब्जा रहा है। हालांकि अब इस सीट पर आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। इस विधानसभा चुनाव में डोडा सीट पर करीब 73 हजार लोगों ने मतदान किया था।

## विनेश फोगाट जहां जाएंगी, कांग्रेस का सत्यानाश ही होगा

### बृज भूषण सिंह ने जताई प्रतिक्रिया, कहा-कांग्रेस को तो डुबो दिया

**गोंडा (एजेंसी)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार विनेश फोगाट की जीत गई हैं। विनेश फोगाट की जीत पर पूर्व बीजेपी सांसद बृज भूषण शरण सिंह ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मंगलवार को उन्होंने कहा-हमारा नाम लेकर अगर वे (विनेश फोगाट) जीत गईं तो इसका मतलब हम महान आदमी हैं। कम से कम मेरे नाम में इतना दम तो है कि मेरा नाम लेकर उनकी नइया पार हो गई लेकिन कांग्रेस को तो डुबो दिया...राहुल बाबा का क्या होगा। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह ने कहा कि विनेश फोगाट जहां-जहां जाएंगी, कांग्रेस का सत्यानाश ही होगा।

## यह लड़ाई देश की सबसे मजबूत दमनकारी शक्तियों के खिलाफ थी



### विनेश बन गईं विधायक, उनकी जीत पर बोले बजरंग पूनिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रेसलर विनेश फोगाट ने विधानसभा चुनाव जीत लिया है। कांग्रेस ने जुलाना से विनेश को टिकट दिया था। उन्होंने भाजपा को योगेश कुमार को हरा दिया है। पेरिस ओलंपिक के बाद विनेश फोगाट के साथ बजरंग पूनिया भी कांग्रेस में शामिल हुए थे। विनेश की जीत के बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, देश की बेटी विनेश फोगाट को जीत की बहुत बहुत बधाई। यह लड़ाई सिर्फ एक जुलाना सीट की नहीं थी, सिर्फ 3-4 और प्रत्याशियों के साथ नहीं थी, सिर्फ पार्टियों की लड़ाई नहीं थी। यह लड़ाई देश की सबसे मजबूत दमनकारी शक्तियों के खिलाफ थी, और विनेश विजेता रहीं।

## 7500 पुलिसकर्मियों के भरोसे थी 15 लाख की भीड़

### चेन्नई एयर शो में गई थी 5 लोगों की जान

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के चेन्नई में मरीना बीच पर वायुसेना के एयर शो के दौरान भगदड़ में मारे गए 5 लोगों के अंतिम संस्कार सोमवार को हुए। करीब 200 घायल लोग अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। 8 अक्टूबर को भारतीय वायुसेना के 92वें स्थापना दिवस से पहले 6 अक्टूबर को चेन्नई में एयर शो हुआ था। इस एयर शो को लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज कराने के लिए 15 लाख लोगों की भीड़ जुटाने का लक्ष्य था। स्थानीय प्रशासन का दावा है कि इससे ज्यादा लोग

पहुंचे, इसलिए व्यवस्थाएं बिगड़ गई। भारी भीड़ और गर्मी के चलते 5 लोगों की मौत हो गई। एयर शो का नाम लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हो गया है। एयर शो 11 बजे शुरू होना था, लेकिन लोग 7 बजे से पहुंचने लगे। मेट्रो-बस स्टेशनों पर भारी भीड़ थी। फिर भी प्रशासन ने भीड़ का अंदाजा नहीं लगाया।

## चीन सिर्फ प्रतिद्वन्द्वी नहीं उससे हमें बड़ा खतरा...

### एयर चीफ के बयान पर ड्रैगन का आया जवाब, कहा-भारत हमें प्रतिद्वंद्वी न माने

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीनी सरकार का मुखपत्र कहे जाने वाले ग्लोबल टाइम्स ने विशेषज्ञों के हवाले से एक रिपोर्ट करते हुए कहा है कि भारतीय वायुसेना (आईएएफ) को चीन को प्रतिद्वंद्वी की तरह नहीं देखना चाहिए। चीनी अखबार में यह टिप्पणी भारत के एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के बयान के जवाब के तौर पर आई है। सिंह ने सोमवार को एक इंटरव्यू में माना था कि भारत सैन्य प्रौद्योगिकी और रक्षा उत्पादन में चीन से काफी पिछड़ गया है। सिंह ने तकनीक, रक्षा उत्पादन और बुनियादी ढांचे में चीन की प्रगति को स्वीकार किया है। फर्स्टपोस्ट की रिपोर्ट

कहती है कि चीन का यह कहना कि भारत उसे प्रतिद्वंद्वी ना माने, कई सवाल खड़े करता है। दरअसल यह पहचानना जरूरी है कि चीन की भूमिका प्रतिद्वंद्वी से आगे तक है। वह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा है। चीन खुद बड़े स्तर पर अपनी सैन्य क्षमताओं को मजबूत करने के लिए काम कर रहा है लेकिन भारत को वह मजबूत होते नहीं देखना चाहता है। एक्सपर्ट के इस दावे को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है कि चीन भारत की हवाई युद्ध में बढ़त को लगातार कम कर रहा है।

## कांग्रेस ने लोकसभा-विधानसभा चुनावों में खर्च किए 585 करोड़

### चुनाव आयोग को बताया-स्टार कैंपेनर्स की हवाई यात्रा में 105 करोड़ खर्च हुए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 और आंध्र, अरुणाचल, ओडिशा, सिक्किम विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने 585 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। पार्टी ने 20 मार्च से 1 जून तक हुए कुल 5 चुनावों के खर्च का ब्योरा चुनाव आयोग को सौंपा है। रिपोर्ट में कांग्रेस ने बताया कि 585 करोड़ में से 410 करोड़ रुपए ऐड और मीडिया कैंपेन पर खर्च किए गए हैं। वहीं, 46 करोड़ रुपए सोशल मीडिया और ऐप के वर्चुअल कैंपेन के लिए

खर्च किए गए हैं। दरअसल, सभी पार्टियों को अपना चुनावी खर्च का ब्योरा चुनाव आयोग को रिजल्ट घोषित होने के 75 से 90 दिनों के अंदर देना होता है। समय सीमा खत्म होने पर भी जब पार्टियां जानकारी नहीं देती है तो चुनाव आयोग पार्टियों को नोटिस भेजता है, जिसका पार्टियां महीनों तक जवाब नहीं देती हैं।

# लेबनान पर समंदर के रास्ते हमला करेगा इजराइल

### भूमध्य सागर से सटे 60 किमी इलाके में न जाने की चेतावनी; 120 मिसाइलों से जमीनी हमला किया

**बेरूत/तेल अवीव (एजेंसी)।** इजराइली सेना ने कहा कि वह जल्द ही लेबनान के दक्षिणी तटीय इलाके में ऑपरेशन शुरू करेगी। सेना ने लेबनान के लोगों को समुद्र तटों से दूर रहने की सलाह दी है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक मछुआरों को भूमध्य सागर से सटे 60 किलोमीटर तक के इलाके में ना जाने की चेतावनी दी गई है। इजराइली सेना ने कहा कि उन्होंने सोमवार को एक घंटे के भीतर साउथ लेबनान में हिजबुल्लाह के 120 से ज्यादा ठिकानों को निशाना बनाया। लेबनान की

हेल्थ मिनिस्ट्री के मुताबिक इस हमले में 10 फायर फाइटर्स (दमकलकर्मी) की मौत हो गई। इसके अलावा अभी भी कई लोग मलबे में दबे हुए हैं। हवाई हमलों के साथ-साथ इजराइली सेना का दक्षिण लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकाने पर ग्राउंड ऑपरेशन भी जारी है। इस दौरान सोमवार को दो इजराइली सैनिकों की मौत हो गई। लेबनान के ग्राउंड ऑपरेशन में अब तक 11 इजराइली सैनिकों की जान जा चुकी है। हिजबुल्लाह ने सोमवार को 190 रॉकेट्स दागे।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यार्थियों को खेल सुविधायें उपलब्ध कराने के लिये हर जिले में संचालित हैं 110 केन्द्र

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश में सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को उच्च स्तर की खेल सुविधायें उपलब्ध कराने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने हर जिले के सरकारी स्कूलों में 110 नोडल खेल केन्द्रों की स्थापना की है। इन केन्द्रों के जरिये छात्र-छात्राओं को खेल अधो-संरचना के साथ उत्कृष्ट स्तर की खेल सामग्री और खेल प्रशिक्षण की सुविधायें उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस व्यवस्था से सरकारी स्कूलों में छात्र-छात्राओं के खेल प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। साथ ही विभिन्न स्तरों पर आयोजित होने वाली शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की सहभागिता में भी बढ़ोत्तरी हुई है। विभिन्न नोडल केन्द्रों के करीब 200 खिलाड़ियों ने राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सहभागिता कर विभिन्न खेलों में 80 पदक प्राप्त किये। राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रदेश के खिलाड़ियों ने विभिन्न विधाओं में सहभागिता की। पिछले वर्ष 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में 14, 17 और 19 वर्ष से कम आयु वर्ग की प्रतियोगता में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने 7 खेलों में 26 स्वर्ण, 13 रजत और 14 कांस्य समेत कुल 53 पदक प्राप्त किये। स्कूलों में खेलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देने के लिये कक्षा 9वीं से 12वीं तक आवासीय खेलकूद संस्थान, सीहोर में संचालित किया जा रहा है। इस आवासीय संस्थान में 200 सीट निर्धारित है। विद्यार्थी यहां विद्यालय में 4 वर्ष तक पढ़ाई के साथ अपनी रूचि के खेलों का भी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस आवासीय संस्थान के विद्यार्थियों का विभिन्न खेल प्रतियोगितायों में श्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा फिट इण्डिया मूवमेंट के अंतर्गत %फिटनेस का डोज-आधा घण्टा रोज% कार्यक्रम सरकारी स्कूलों में आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण और अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक विभिन्न खेल गतिविधियों में सहभागिता की। फिट इण्डिया मूवमेंट के अंतर्गत 5वां %फिट इण्डिया वीक% पिछले वर्ष सभी जिलों में मनाया गया।

### बिजली कंपनी ने सार्वजनिक किये बड़े बकायादारों के नाम

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों के अंतर्गत आने वाले ऐसे बिजली उपभोक्ता जिनके द्वारा अपने बकाया बिजली बिलों का समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है, उनके नाम, पते और बकाया राशि की जानकारी को सार्वजनिक कर दिया है।कंपनी द्वारा बकायादारों के नामों की सूची पोर्टल पर सार्वजनिक की है। इन बकायादरों के नाम आमजन और उपभोक्ताओं द्वारा क्षेत्रवार देखे जा सकते है। इसके लिए कंपनी पर जाकर होम पेज पर क्लिक करते ही वृत्त के आधार पर कुल बकायादारों की सूची उपलब्ध हो जाएगी। इसी लिंक को कंपनी के सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम आदि पर भी साझा कर दिया गया है। कम्पनी द्वारा इस सूची को प्रति सोमवार अद्यतन किया जा रहा है। ऐसे उपभोक्ता जो अपने बिजली बिल की बकाया राशि जमा कर रहे हैं, उनके नाम पोर्टल पर जारी सूची से तथा सोशल मीडिया से हटा दिए जाते हैं।इसलिए बकाया राशि समय पर जमा करें, जिससे बकायादारों की सूची से नाम हटाया जा सके।

### शासकीय सेवकों को दिया जा रहा है आनंद विभाग का प्रशिक्षण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश में ग्राम पंचायत सचिव, पटवारी, रोजगार सहायक, नगरीय निकाय और पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय आनंद विभाग का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। इससे प्रदेश के दो हजार से अधिक शासकीय सेवकों को लाभ मिलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन से सीधे संपर्क में आने वाले शासकीय सेवकों को आनंदित व्यवहार का प्रशिक्षण प्रदान करना है, जिससे वे स्वयं आनंदित रहते हुए आमजन को भी आनंदित कर सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम पचमढ़ी, जबलपुर, ग्वालियर, छतरपुर तथा इंदौर के विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों के सहयोग से आयोजित किया गया है। राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग के प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा इन कार्यक्रमों का संचालन कराया जा रहा है। इसमें जिला कलेक्टर तथा जिला नोडल अधिकारी (आनंद) के माध्यम से जिलों के शासकीय सेवकों को प्रशिक्षण के लिये निर्देशित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन 6 चरणों में पूरा होगा। अभी तक 4 चरणों में प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 से 16 एवं 21 से 23 अक्टूबर को आयोजित होगा। इस अभियान के दौरान कुल 30 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक प्रशिक्षण कार्यक्रम में 60-70 शासकीय सेवकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के शासकीय सेवकों के लिए पचमढ़ी के संजय गांधी युवा नेतृत्व विकास संस्थान, जबलपुर, शहडोल और रीवा संभाग के कर्मचारियों को एसआईआरडी जबलपुर, सागर संभाग के कर्मचारियों को ईटीसी नौगांव (छतरपुर), ग्वालियर एवं चंबल संभाग के कर्मचारियों को आईआईटीटीएम ग्वालियर में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# बच्चों को वन्य जीवन और जैव विविधता की महत्ता से बचपन में ही करें संस्कारित - मंगुभाई पटेल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि बच्चों को वन, वन्य जीव और जैव विविधता की महत्ता के बारे में बचपन से ही संस्कारित किया जाना चाहिए। माता-पिता उन्हें जैव संरक्षण की बहुलता और आवश्यकता के बारे में जागरूक और संवेदनशील बनाए। राज्यपाल श्री पटेल आज भोपाल में राज्य स्तरीय वन्य जीव सप्ताह के समापन और पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने एक से 7 अक्टूबर 2024 तक आयोजित वन्य जीव सप्ताह की विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए। साथ ही वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत कर बधाई दी। राज्यपाल श्री पटेल ने उपस्थित जनों को वन्य जीव संरक्षण की शपथ भी दिलाई। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि हमारा संविधान पर्यावरण के संरक्षण, वन और वन्य जीवों की सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रदान करता है। मौलिक कर्तव्यों के तहत प्रत्येक नागरिक से पर्यावरण को सुरक्षित रखने में योगदान की अपेक्षा करता है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को कुल भौगोलिक क्षेत्रफल के हिसाब से देश के सबसे बड़े वन क्षेत्र होने गौरव प्राप्त है। बाघों के अलावा, तेंदुए, घड़ियाल, चीता, भेड़िये और गिद्धों की सर्वाधिक संख्या के लिये भी प्रदेश पहचाना जाता है। हर प्रदेशवासी की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि वे वन और वन्य जीव रूपी अमूल्य धरोहर की विरासत को सहेज कर भावी पीढ़ी को सौंपने में अपना योगदान दे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि सदी की सबसे बड़ी त्रासदी कोविड ने हम सबको यह सबक दिया है कि हमें सुरक्षित भविष्य के लिए प्रकृति की विविधता के प्रति श्रद्धा और सौहार्द्र के साथ रहना होगा। हमारे ऋषि-मुनियों ने भी अपने तप त्याग और साधना से हजारों साल पहले ही इकोलॉजी तंत्र के संरक्षण के लिए प्राणियों में सद्भावना का संदेश दिया था। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में वन और वन्यजीवों का विशिष्ट स्थान रहा है। विभिन्न देवी-देवताओं के वाहन वन्यजीव है। अनेक विधि-विधानों में भी पेड़-पौधों की आराधना होती है। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने राज्य स्तरीय वन्य जीव सप्ताह के समापन अवसर पर उपस्थित जनों को वन्य जीव संरक्षण, संवर्धन और सुरक्षा की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने कार्य, और व्यवहार में शपथ का 24 घंटे और 365 दिन पालन करे।

## मध्यप्रदेश में लागू होगी 'राशन आपके द्वार' योजना, घर-घर पहुंचेगा राशन -मंत्री राजपूत

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि मध्यप्रदेश के जनजातीय विकासखंडों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई राशन आपके द्वार योजना को आने वाले समय में पूरे मध्यप्रदेश में लागू किया जाएगा। केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ गुना प्रवास पर पहुंचे श्री राजपूत ने मीडिया से चर्चा के दौरान यह बात कही। मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि जरूरतमंद व्यक्तियों को राशन मिले, इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। वर्तमान में पीडीएस दुकानों में राशन वितरण के लिए बहुत सुधार किये जा रहे हैं। गांव में बुजुर्ग लोगों को राशन वितरण के लिए यदि उनका अंगूठा का निशान सही काम नहीं कर रहा है, तो उन्हें राशन देने की व्यवस्था नॉमिनी के माध्यम से की जा रही है। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि मध्यप्रदेश में कई जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में विशेष रूप से ट्रायबल एरिया में राशन घर-घर पहुंचाये जाने की तैयारी की जा रही है। ''राशन आपके द्वार'' के अंतर्गत राशन लोगों के घर-घर पहुंचाने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। फिलहाल प्रदेश के 89 दूरस्थ ग्रामों में परिवहन के माध्यम से राशन पहुंचाया जा रहा है। अभी यह पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में है और आने वाले समय में इसे पूरे प्रदेश में लागू करेंगे। आने वाले समय में हम गांव - गांव की जगह घर - घर राशन पहुंचाने का कार्य करेंगे। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि पीडीएस सिस्टम में लगातार सुधार जारी है।

जहां भी अनियमितता सामने आती हैं, हम तुरंत उसमें सुधार कर कार्रवाई करते हैं। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि आने वाले समय में पीडीएस सिस्टम में बदलाव और नवाचार लागू होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनकल्याण की दिशा में सतत विकास की ओर बढ़ रही है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अगरा में नि-शुल्क स्वास्थ जाँच शिविर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री रामनिवास रावत ने कहा है कि क्षेत्र के विकास एवं बुनियादी सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिये सतत कार्य किये जा रहे हैं। श्री रावत ने श्योपुर जिले के विजयपुर के ग्राम अगरा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में सामान्य वन मण्डल एवं संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के तत्वावधान में आयोजित निश्शुल्क स्वास्थ्य जाँच परीक्षण शिविर को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं के साथ स्वास्थ्य एवं चिकित्सा जैसी सेवाओं का लाभ भी लोगों को मिले, इस दिशा में भी बेहतर कार्य किये जा रहे हैं। वन मंत्री श्री रावत ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा और आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। ग्राम अगरा में आयोजित निश्शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर में 715 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निश्शुल्क दवा वितरित की गई। शिविर में श्योपुर जिला चिकित्सालय के 25, गजराराजा मेडिकल कॉलेज के 6, कुल 31 विषय-विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा शिविर में अपनी सेवाएँ दी गईं। शिविर में चर्मरोग, बाल एवं शिशु रोग, स्त्री रोग, दंत रोग, ईएनटी, मेडिसिन, न्यूरो सर्जन, जनरल सर्जन, अस्थि रोग, नेत्र रोग और मनोरोग विशेषज्ञ चिकित्सक ने स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया।

## एमसीयू में जनसंपर्क अधिकारियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में जनसंपर्क अधिकारियों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। चाणक्य भवन स्थित द्रोणाचार्य सभागार में प्रशिक्षण के दौरान दैनिक भास्कर के संपादक श्री सतीष सिंह ने प्रबंधन के 80-20 के फार्मूले को विभिन्न उदाहरणों के साथ समझाया। उन्होंने अखबार के फार्मूला ह्हष्ठ यानी न्यूज़ ऑफ द डे के बारे में बताया कि इसमें सबसे महत्वपूर्ण ख़बर को प्रकाशित किया जाता है। फ्री प्रेस के स्थानीय संपादक श्री नितेंद्र शर्मा ने कहा कि समाचार सूचना है लेकिन हर सूचना समाचार नहीं होती है। यदि वह नई है तो सूचना है। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क अधिकारी की नौकरी सुबह 10 से शाम 5 बजे तक की नौकरी नहीं है। श्री शर्मा ने प्रशिक्षण में आए अधिकारियों को समय के साथ चलने एवं आधुनिक तकनीक का उपयोग करने की बात कही। प्रभारी अपर संचालक श्री संजय जैन ने नवागत जनसंपर्क अधिकारियों को जनसंपर्क में प्रायोगिक ज्ञान के साथ ही सैद्धांतिक ज्ञान को भी बढ़ाए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि शासन की जनहितैषी योजनाओं के बारे में जानकारी देना हमारा कार्य है, साथ ही अपने क्षेत्र में मीडिया से भी मधुर संबंध बनाकर रखें। अन्य सत्रों में विषय-विशेषज्ञ श्री सी.के. शर्मा ने मध्यप्रदेश की भौगोलिक जानकारी, सुश्री सोमा राजे ने सोशल मीडिया प्रबंधन, श्री संजय धस्माना ने विज्ञापन के आकल्पन एवं संपादन विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।

## उच्च शिक्षा विभाग ने अतिथि विद्वान आमंत्रण प्रक्रिया सत्र 2024-25 के लिए समय सारणी की जारी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उच्च शिक्षा विभाग ने नवीन नीति 5 अक्टूबर 2023 के अनुरूप सत्र 2024-25 के लिए अतिथि विद्वान आमंत्रण प्रक्रिया के लिए समय सारणी जारी की है। इसके अनुसार वर्तमान में आमंत्रित अतिथि विद्वानों को स्थल परिवर्तन की सुविधा, नवीन पंजीयन एवं पूर्व से पंजीकृत आवेदकों के प्रोफाइल अद्यतन एवं दस्तावेज अपलोड किए जा सकेंगे। विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. आर.के. गोस्वामी ने बताया कि वर्तमान में आमंत्रित अतिथि विद्वानों को 9 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक स्थल परिवर्तन की सुविधा मिलेगी। डॉ. गोस्वामी ने बताया कि वर्तमान में आमंत्रित अतिथि विद्वान 9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक अपनी अकादमिक प्रोफाईल अद्यतन एवं आवश्यक दस्तावेज अपलोड कर सकेंगे। अपलोड अद्यतन दस्तावेजों का सम्बंधित अग्रणी महाविद्यालय में 9 से 15 अक्टूबर तक सत्यापन कराना होगा। आमंत्रित अतिथि विद्वानों को स्थल परिवर्तन के लिए 16 से 23 अक्टूबर तक विकल्प भरने के अवसर उपलब्ध रहेंगे। स्थल परिवर्तन के लिए कार्यरत अतिथि विद्वानों को वरीयता के अनुसार 24 अक्टूबर को महाविद्यालय आवंटित होंगे। अतिथि विद्वान 24 से 30 अक्टूबर तक स्थल परिवर्तन के लिए आवंटित महाविद्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकेंगे और महाविद्यालय पोर्टल पर अतिथि विद्वानों की ज्वाइनिंग दर्ज करा सकेंगे। डॉ. गोस्वामी ने बताया कि अतिथि विद्वान के लिए नवीन पंजीयन एवं पूर्व से पंजीकृत आवेदकों के प्रोफाइल अद्यतन एवं दस्तावेज अपलोड की प्रक्रिया 25 अक्टूबर से 6 नवंबर तक होगी।

## दुर्गम गांवों में रहने वाले कई जनजातीय परिवारों की जीवन-रेखा बनी हर्रानाला से दुगलई सड़क



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** कभी वो दिन भी थे, जब दुगलई गांव के लोगों को अपनी ही ग्राम पंचायत बिठली तक जाने के लिये एक लंबी यात्रा करनी पड़ती थी। या तो 5.50 कोस पैदल चलना या बालाघाट की ओर से 80 किमी की यात्रा कर बिठली पहुंचना उनकी बड़ी मजबूरी थी। क्योंकि तीसरा कोई विकल्प था ही नहीं। दौर बदला, विकास की बात हुई, तो एक सड़क बन गई, जो आगे चलकर छत्तीसगढ़ राज्य के सीमावर्ती गांवों से जुड़ जाती है। यही सड़क यहां के लोगों के लिये विकास की नई सड़क बन गई है। सड़क के बनने से दुगलई के लोगों को पैदल चलने की भारी परेशानी और दुर्दिनों से भी हमेशा के लिये मुक्ति मिल गई है। इस सड़क से मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ दो राज्यों के लोग मिलजुलकर अपनी देशज संस्कृति साझा कर रहे हैं। बालाघाट जिले की लांजी विधानसभा क्षेत्र का एक छोटा सा गांव है दुगलई। यह बिठली ग्राम पंचायत का पोषक ग्राम है। दुर्गम जंगल और पहाड़ी के बीच बसे दुगलई गांव तक पहुंचने के लिये पगडंडियों से होकर जाना पड़ता था। सालों यही चलता रहा। मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण (एमपीआरआरडीए) ने बड़ी मेहनत और सूझ-बूझ से 16 किमी लंबी सड़क बनाकर इस क्षेत्र के विकास की नई इबारत लिख दी है। बैहर विधानसभा क्षेत्र के हर्रानाला से शुरू होकर पहाड़, घाट और घने जंगल के बीच से होकर यह सड़क लांजी विधानसभा क्षेत्र के दुगलई गांव को जोडती है। इस एक सड़क से तीन तहसील बैहर, किरनापुर और लांजी के दुर्गम गांवों को सीधी कनेक्टिविटी मिल गई है।

ग्राम बिठली, हर्रानाला, लूद, सारद, पाथरी, आमानाला, बमनी, कोंगेवानी, हर्राटोला, मंडवा, माड़ी, डोंगरिया, लातरी, कुर्रेझोडी, जालदा, लिमोटी, नवही, हिर्री, भिररी और नारंगी गांवो के लोगों सीधा संपर्क इसी सड़क से होने लगा है। करीब 11 करोड़ रूपये की लागत से बनी 16 किमी लंबी सड़क से ग्रामीणों का आवागमन सुगम हुआ है।

## भोपाल में बनेगी मॉडल सड़क, जिसका मटेरियल रियूज करेंगें

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल की 11 मील से बंगरसिया तक 6 किमी सड़क प्रदेश में मॉडल बनेगी। इस सड़क में एफडीआर (फुल डेप्थ रिक्लेमेशन) टेक्नोलॉजी का उपयोग होगा। यानी, मौजूदा सड़क के मटेरियल को रियूज किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी जल्द सड़क बनाना शुरू करेगा। 11 मील से बंगरसिया तक की सड़क की हालत खराब है। चूंकि, यह सड़क धार्मिक नगरी भोजपुर को जोड़ती है। इसलिए हर रोज हजारों लोग परेशान होते हैं। भोजपुर में दुनिया का सबसे बड़ा शिवलिंग है। यहां हर साल भोजपुर महोत्सव भी मनाया जाता है। जिसमें देश-विदेश के कवि, साहित्यकार और टीवी-फिल्म कलाकार भी शामिल होते हैं, लेकिन 6 किमी लंबी सड़क के गड्?ढे उन्हें परेशान कर देते हैं। ऐसा ही श्रद्धालुओं के साथ भी होता है, लेकिन आने वाले कुछ महीनों बाद सड़क की तस्वीर ही बदल जाएगी। 11 मील से बंगरसिया तक सड़क बनने से रायसेन, विदिशा, बैतूल समेत कई जिलों के लोगों को भी बड़ी राहत मिलेगी। पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर संजय मस्के ने बताया, भोपाल के 11 मील से बंगरसिया तक फोरलेन बना रहे हैं। इसमें नई एफडीआर तकनीक का उपयोग करेंगे। सड़क को तोड़ने में जो भी मटेरियल निकलेगा, उसे रियूज करेंगे। यह प्रदेश में मॉडल रोड बनेगी। जल्द ही काम की शुरुआत कर देंगे। 6 किलोमीटर में करीब 200 पेड़ भी कटेंगे। ज्यादातर पेड़ यूकेलिप्टस के है। इसके लिए पीडब्ल्यूडी ने वन विभाग को 80 लाख रुपए भी जमा किए हैं। अनुमति नहीं मिलने की वजह से पेड़ नहीं काटे जा सके थे। फुल डेप्थ रिक्लेमेशन (एफडीआर) एक रिसाइकिलिंग पद्धति है।

# नौकरी लगवाने के नाम पर 44 लाख रुपए की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

### दो माह से फरार था आरोपी

**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज (निप्र)।** मऊगंज पुलिस ने नौकरी लगवाने के नाम पर 44 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले दो माह से फरार चल रहे आरोपी को आज 8 अक्टूबर की सुबह 9 बजे रीवा से गिरफ्तार किया है। जिसे कागजी कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय में पेश कर दिया बताया जाता है।कि आरोपी नवी मोहम्मद पुत्र सिराजुद्दीन खान उम्र 26 वर्ष निवासी बिछिया रीवा जो बेरोजगारों से नगर निगम रीवा और बिजली विभाग में नौकरी देने के नाम पर अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 44 लाख रुपए ठग लिया था। कई बेरोजगारों को नियुक्ति पत्र भी दिया पर जब वे ज्वाइन करने संबंधित विभाग में पहुंचे तो पता चला कि यह नियुक्ति पत्र फर्जी है। इस संबंध में ठगी का शिकार हुए बेरोजगारों ने न्यायालय में परिवाद पत्र दायर किया था। न्यायालय के आदेश उपरांत मऊगंज पुलिस ने धोखाधड़ी सहित कई धाराओं में दो माह पूर्व मामला दर्ज किया था। इस मामले का एक आरोपी पूर्व में ही गिरफ्तार हो चुका था जबकि नबी मोहम्मद लगातार फरार चल रहा था पुलिस अधीक्षक रचना ठाकुर के द्वारा चलाए जा रहे विशेष धर पकड़ अभियान के तहत एसडीओपी अंकिता सूल्या के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राजेश पटेल सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र मिश्रा प्रधान आरक्षक धीरेंद्र सिंह प्रधान आरक्षक विकास पांडेय महिला आरक्षक सत्यम बागरी ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी करते हुए रीवा से गिरफ्तार कर लिया है।

# गणेश धाम बरांव मंदिर से भगवान की मुकुट हुई चोरी, जांच में जुटी पुलिस

### चोर की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शाहपुर थाना क्षेत्र के गणेश धाम बराव मंदिर से भगवान की मूरत से मुकुट चोरी हो गई और चोर चोरी करते हुऐ सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और जांच शुरू कर दी है। यह पूरी घटना आज 8 नवंबर को दिन मे 1 से 1;30बजे के आसपास की बताई जा रही है।चोर भगवान की मूरत से मुकुट चुराते हुए कैमरे मे कैद हुआ है।पुलिस सीसीटीवी कैमरे के आधार पर चोर की तलाश शुरू कर दी है। इस पूरे मामले को लेकर मंदिर के पुजारी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया है की भगबान का मुकुट चांदी की उसकी कीमत 10 हजार रुपये के लगभग थी। पुलिस ने पुजारी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है।दिनदहाड़े हुई चोरी की इस घटना के बाद हड़कंप मच गया! माना जा रहा है कि चोर स्थानीय हो सकते हैं। इसके पूर्व भी इसी मंदिर में दो से तीन बार चोरी हो चुकी है।

# ग्राम पंचायत चुनरी में स्वच्छता पखवाड़ा का हुआ आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** महात्मा गांधी जयंती के सुअवसर पर ग्राम पंचायत चुनरी के मॉडल स्कूल सहिजवार में कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चों को प्रमाणपत्र व मेडल वितरित किया गया। मध्यप्रदेश शासन निर्देशानुसार सभी पंचायतो में स्वच्छता पखवाड़ा चलाकर स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जानी थी उसी तारतम्य में ग्राम पंचायत चुनरी की सरपंच सुनीता सिंह ने अपनी पंचायत में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत एक अक्टूबर को स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन एवम चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर छात्र छात्राओं के मन मे स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया गया। गांधी जयंती कार्यक्रम के मुख्यातिथि संजय जैन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रहे जबकि अध्यक्षता मॉडल स्कूल के प्राचार्य विजय प्रकाश चौधरी जी ने की विशिष्ट अतिथि मार्तण्ड सिंह भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य, राजकुमार शुक्ला ब्लॉक समन्वयक समग्र स्वच्छता, लक्ष्मीकांत मिश्रा उपयंत्री,राममिलन भुर्तिया जी ने की। कार्यक्रम का सुभारंभ सरस्वती माँ एवम महात्मा गांधी व लालवहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा में दीपप्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुआ।

अतिथियो द्वारा पूजाअर्चना के बाद छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को एस डी एम संजय जैन, समाजसेवी मार्तण्ड सिंह,राजकुमार शुक्ला,प्राचार्य विजय प्रकाश चौधरी, विजय शंकर तिवारी सहित विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने भी संबोधित कर गांधी जयंती व स्वच्छता पखवाड़ा पर अपने अपने विचार रखे।कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो ने स्वच्छता सपथ भी लिया।कार्यक्रम आयोजक ग्राम पंचायत चुनरी की सरपंच सुनीता सिंह के द्वारा निबंध प्रतियोगिता एवम चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियो को अतिथियो के हांथो प्रमाण पत्र वितरित कराया गया।निबंध एवम चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम,दुतीय एवम तृतीय स्थान अर्जित करने वाले छात्र छात्राओं को क्रमश गोल्ड,सिल्वर एवम कांस्य पदक व प्रमाण पत्र से सम्मानित कर छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया।कार्यक्रम में स्वच्छता पखवाड़ा में विशेष सहयोग प्रदान करने वाले शिक्षको को भी ग्राम पंचायत चुनरी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मनित किया गया।कार्यक्रम के अंत मे ग्राम पंचायत चुनरी द्वारा विद्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम छात्र छात्राओं के हांथो पौधे भी रोपित कराया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन विजय शंकर तिवारी एवम राजेश जी के द्वारा किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आकर्षित कुशवाहा,प्रिया तिवारी एवम आदित्य झा ने अर्जित किया जबकि दुतीय स्थान पूर्णिमा सिंह,प्रिशा पांडेय एवम तृप्ति कोरी ने अर्जित किया वही तृतीय स्थान सोनम सिंह,रिया सिंह एवम अवनीश सिंह ने अर्जित किया।निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सौरभ तिवारी,रागिनी कोरी एवम ऋषि तिवारी ने अर्जित किया दुतीय स्थान पूनम कुशवाहा,शिखा प्रजापति एवम अंश सिंह ने अर्जित किया जबकि तृतीय स्थान भावना सिंह एवम उज्ववल सिंह ने अर्जित किया।वही ऊर्जा विषय के चित्रकला में लक्ष्मी सिंह ने प्रथम स्थान बनाया।सभी विषय स्वच्छता से सम्बन्धित थे।ग्राम पंचायत चुनरी की सरपंच सुनीता सिंह के इस आयोजन से जहाँ छात्र छात्राओं में उत्साह देखने को मिला वही सभी ने ऐसे आयोजन की प्रसंशा भी की।

# शा.मा. विद्यालय बेलहइया दूवी मे पदस्थ प्राथमिक शिक्षक निलंबित

**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज (निप्र)।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय बेलहइया दूवी के प्राथमिक शिक्षक कृष्ण केशव राय दीक्षित को कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने निलंबित कर दिया है और निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय हनुमना नियत किया गया है। कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने आज 8 अक्टूबर की सायंकाल 4 बजे निलंबन का आदेश जारी करते हुए उल्लेख किए हैं कि कृष्ण केशव राय दीक्षित अक्सर विद्यालय से अनुपस्थित रहते थे और नशे मे विद्यालय जाते थे। कुछ दिन पूर्व संकुल प्राचार्य फरहाद की टीम विद्यालय की जांच करने पहुंची तो उक्त प्राथमिक शिक्षक टीम के साथ गाली गलौज करते हुए सरकारी रिकॉर्ड फाड़ दिए। जिसका प्रतिवेदन मऊगंज एसडीएम को संकुल प्राचार्य द्वारा भेजा गया था और एसडीएम के जांच प्रतिवेदन पर कलेक्टर ने उक्त प्राथमिक शिक्षक को निलंबित कर दिया है।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 140 आवेदकों की समस्याएं निराकरण के दिए निर्देश

### समस्याओं के त्वरित निराकरण से आवेदक दिखे संतुष्ट

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 140 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

जनसुनवाई में जनपद पंचायत मझौली के ग्राम अमहिया से आये सत्यनारायण सिंह ने अपने आवेदन पत्र के माध्यम से बताया कि पोलियो के कारण वह चलने में असक्षम है। उन्हें घर में या कहीं भी आने-जाने के लिए सहारे की आवश्यकता पड़ती है। वह अपना काम स्वयं नहीं कर पाते हैं। उन्होने कहा कि यदि उन्हें ट्राई साइकिल प्राप्त हो जाये तो वे अपना कार्य किसी के सहारे के बिना भी स्वयं कर सकेगें और कही भी आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि पहले एक बार ट्राई सायकिल प्राप्त हुई थी लेकिन अब वह चलने लायक नहीं थी। उक्त आवेदक की शारीरिक स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग द्वारा उन्हें सहायक उपकरण प्रदान कराए। आज समस्या का त्वरित निराकरण होने पर सत्यनारायण खुश और संतुष्ट दिखे।

जनपद पंचायत सीधी के ग्राम पड़रा के राजपति प्रजापति पिता केशव प्रजापति मिट्टी के बर्तन बनाकर अपना एवं अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। जनसुनवाई में उन्होंने बताया कि पिछले 4 महीने से मिट्टी के बर्तन एवं दिये बनाकर रखा हुआ था, 05 अक्टूबर को पकाने के लिए सभी बने हुये मिट्टी के बर्तनों एवं दिये को बाहर निकालकर धूप में सुखाने के लिए फैला कर रखा हुआ था, तभी अचानक तेज बारिश होने के कारण सभी बर्तन गीले होकर नष्ट हो गए हैं। इससे 4 महीने की मेहनत पानी के कारण बर्बाद हो गई है। अब अपने परिवार के भरण पोषण के लिए दाने दाने का मोहताज होना पड़ रहा है। दीपावली का त्योहार भी नजदीक है इस कारण अब पुनः इतनी जल्दी बर्तन और दिये तैयार नहीं हो सकते। आवेदक की स्थिति पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए उन्हें रेड ₹ ॉस समिति के माध्यम से 05 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान कराई गई। साथ ही जिला प्रबंधक आजीविका मिशन को निर्देशित किया गया कि इन्हें समूह में जोड़कर शासन की योजनाओं का लाभ दें। समस्या का तुरंत निराकरण होने पर हितग्राही राजपति प्रजापति और उनके परिवारजन अत्यधिक प्रसन्न दिखे। उन्होंने कहा कि ऐसे विषम परिस्थिति में जिला प्रशासन ने हमारा सहयोग किया इसके लिए वह आभारी हैं।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमान राज सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोनीत हुये आनंद मंगल सिंह

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** आनंद मंगल सिंह बने आम आदमी पार्टी सीधी के जिलाध्यक्ष, विवेक सिंह को यूथ विंग प्रज्ञा सिह को महिला विग वीरेंद्र सिंह को किसान बिग राजकुमार कोरी को एससी विंग तिलक राज सिंह को एसटी विंग मजीद खान को अल्पसंख्यक बिग का जिलाध्यक्ष बनाया गया। इसी तरह जिला कमेटी में ध्रुव तिवारी, जिवेन्द्र सिंह चंदेल, अरविंद पटेल नागेंद्र पुनाडिया अजय शर्मा राजेश साहू कौशल बहरोलिया यमुना सिंह चौहान रंग देव कुशवाहा अंकुश पटेल को उपाध्यक्ष साजन अग्रहरी जिला सचिव लक्ष्मीकांत नामदेव को कोषाध्यक्ष शिवराज यादव को मीडिया प्रभारी संदीप सिंह को कार्यालय प्रभारी बनाया गया है चंद्रमा राम द्विवेदी आत्माराम प्रजापति महेंद्र सिंह कुशराम प्रदुम्य सिंह चौहान रामपाल बंसल अनिल रावत अर्पित त्रिपाठी कृष्णागिरी सफीक मंसूरी और भगत सिंह को संयुक्त सचिव बनाया गया है यूथ विंग में जय सिंह चौहान, आनंद सिंह अरविंद द्विवेदी अनिकेत सिंह योगेन्द्र सिंह गणेश सिंह को उपाध्यक्ष विकास सिंह शुभम सिंह दुर्गेश सिंह, मकरन्द प्रसाद द्विवेदीए, कृष्ण कुमार गुप्ता को संयुक्त सचिव बनाया गया है। एससी विंग में भोला साकेत, देवराज प्रजापति, पतिराज कोरी दिलीप कोरी को उपाध्यक्ष राजू प्रजापति, अजय साकेत, संजय प्रजापति राजकुमार प्रजापति फूलचंद बंसल को संयुक्त सचिव बनाया गया है। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों ने प्रदेश नेतृत्व एवं राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# दीपावली त्यौहार के अवसर पर आतिशबाजी, पटाखे, फुलझड़ी के संग्रह एवं विक्रय हेतु निर्देश जारी

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** दीपावली त्यौहार के अवसर पर आतिशबाजी (पटाखे, फुलझड़ी) संग्रह एवं विर् य हेतु विस्फोटक नियम, 2008 के अन्तर्गत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा कार्य सुविधा की दृष्टि से आदेश पारित किया गया है।जारी आदेशानुसार विस्फोटक नियम, 2008 के अन्तर्गत अस्थाई अनुज्ञप्ति जारी करने हेतु संबंधित क्षेत्र के उपखण्ड मजिस्ट्रेट को अधिकृत किया गया है। नवीन अस्थाई अनुज्ञप्ति के लिये शासन के सर्विसेज पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र संबंधित उपखण्ड मजिस्ट्रेट की ओर प्रेषित किये जायेंगे, जिसके संबंध में राजस्व एवं पुलिस विभाग का प्रतिवेदन प्राप्त कर प्रतिवेदन मय अभिलेखों सहित ऑनलाइन के माध्यम से प्रस्ताव अनुमोदन हेतु जिला दण्डाधिकारी की ओर प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे एवं अनुमोदन पश्चात की अनुज्ञप्ति जारी की जावेगी।अनुज्ञप्तिधारियों को आतिशबाजी विर् य हेतु स्थल संबंधित क्षेत्र के उपखण्ड दण्डाधिकारी द्वारा संबंधित अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका, नगर परिषद तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत द्वारा निर्धारित किया जायेगा। नवीन अस्थाई आतिशबाजी अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 21.10.2024 तक रहेगी। इस अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। अस्थाई अनुज्ञप्ति, अनुमति जारी दिनांक से दिनांक 12.11.2024 तक के लिए वैध रहेगा। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्देशित किया गया है कि यह सुनिश्चित किया जावे कि अनुज्ञप्तिधारियों के अनुज्ञप्ति में उल्लिखित क्षमता से ज्यादा अतिशबाजी न हो। अनुज्ञप्ति स्थल पर आवश्यक अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जावे तथा रहवासी बस्ती में आतिशबाजी विर् य हेतु अनुज्ञप्ति जारी न किया जावे। अनुज्ञप्ति स्थल पर किसी भी प्रकार की अग्नि दुर्घटना या घटना की जानकारी से तत्काल संबंधित थाना प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक सीधी को सूचित किया जाएगा। अनुज्ञप्ति स्थल पर किसी आशंकित दुर्घटना के निदान हेतु प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारक द्वारा पुलिस प्रशासन को पर्याप्त सहयोग उपलब्ध कराया जावेगा। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तब तक आतिशबाजी न बेची जाये जब तक उनके साथ कोई वयस्क व्यक्ति न हो। अनुज्ञप्ति स्थल पर किसी प्रकार के जलित दिये, लालटेन, मोमबत्ती का प्रयोग नहीं किया जावे तथा धूम्रपान पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

# राज्य स्तरीय शालेय ताइक्कांडो स्पर्धा में खिलाड़ियों ने जीते पदक

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** 4 से 7 अक्टूबर तक विदिशा में 68 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें ज्ञानस्थली विद्यालय रीवा के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए धैर्य और अनुशासन लगन से मेहनत कर 6 पदक अपने नाम किए इसमें मुख्य रूप से अंकुश चतुर्वेदी (रजत पदक) (73 -78) मोहित तिवारी (कांस्य पदक)(29-32 )चित्रांश सिंह (कांस्य पदक)(38-41)स्तुति पांडे (कांस्य पदक) (26-29)आफरीन हुस्ना (कांस्य पदक)(46-49) काव्या ठाकुर (कांस्य पदक)(32-35 )आनंद कुमार सोनी निखिल तिवारी शिवम दुबे वैष्णवी सिंह ख्याति आहूजा सभी खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर जिले के साथ-साथ देश का नाम रोशन किया खिलाड़ियों की उपलब्धि पर ज्ञानस्थली विद्यालय के डायरेक्टर प्रणव सिंह जी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं विद्यालय की प्राचार्या सलोनी बत्रा एवं उप प्राचार्या कल्पना सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए आने वाली सभी प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर प्रदर्शन करने की बात कही एवं विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी साथ ही विद्यालय के व्यायाम निर्देश राजकुमार साहू करण सेन एवं अभिषेक शुक्ला योगेश शर्मा अंकित तिवारी एवं ताइक्कांडो प्रशिक्षक पवन किशोर एवं पूरे विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं हैं।

# मड़वा धाम में सैकडों वर्षो से तलवार में मॉ दुर्गा परमेश्वरी प्रतीकात्मक रूप में हैं विराजमान

### अष्टमी के दिन भक्तो का लगेगा हुजूम

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मॉ दुर्गा परमेश्वरी धाम मड़वा में कार्यर् म आयोजन समित के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह पूर्व सीएमओ नगर पालिका ने दुर्गा अष्ठमी के पावन अवसर पर जिले के समस्त भक्तजनो से मॉ के दर्शन लाभ लेने की अपील करते हुए कहा कि ममतामयी मॉ के दर्शन मात्र से व्यक्ति के सभी मनोरथ सफल हो जाते हैं।

मॉ दुर्गा परमेश्वरी जो कि चौहान खण्ड की कुलदेवी के रूप में भी जानी जाती हैं। हर वर्ष की भॉति इस वर्ष भी नव रात्रि प्रारंभ होने पर 3 अक्टूबर 24 गुरूवार को बैठकी एवं दुर्गा अष्टमी गुरवार 10 अक्टूबर 2024 को भक्तों की मन्नत पूरी करने हेतु प्रतिकात्मक रूप में तलवार में विराजमान मॉ दर्शन देगीं। बताया गया कि यह पर्व वर्ष में केवल एक दिवस दुर्गा अष्टमी के दिन होता है एवं मड़वा धाम में लगभग 300 से ज्यादा वर्षो से मॉ दुर्गा परमेश्वरी के चरणों में भक्ति रखने वाले समस्त चौहान परिवार के हर घर से पूजा पाठ की सामग्री लेकर भक्तजन मॉ के चौखट पर पहुॅचते हैं। भक्तों को दर्शन देने हेतु दुर्गा अष्टमी के दिन ही म्यान से तलवार निकाली जाती है और धार्मिक दृष्टिकोण से भक्तों के मान्यतानुसार मॉ के दिव्य दर्शन हेतु लोग दूर दूर से पहुॅचते हैं। आयोजन समिति के द्वारा सभी भक्तों से अपील की गई है कि इस पावन अवसर पर मॉ दुर्गा परमेश्वरी के दर्शन हेतु मड़वा धाम में पधार कर खुद व अपने परिवार को लाभांवित करें।

**मड़वा धाम में भक्ति रस की होगी वर्षा .:** आयोजक मंडल की ओर से बताया गया कि मॉ के धाम में गुरुवार 10 अक्टूबर को विद्वान पंडितो के द्वारा हवन पूजन एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसके उपरांत भव्य भक्तिमय कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक भजन गायन के माध्यम से भक्तिरस की वर्षा होगी।

## रोजगार मेले का 9 से 11 अक्टूबर तक

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।**जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि जिले के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय सीधी के संयुक्त तत्वाधान में रोजगार मेले का आयोजन दिनांक 09.10.2024 को जिला रोजगार कार्यालय सीधी एवं दिनांक 10 एवं 11 अक्टूबर 2024 को शासकीय आई.टी.आई. मड़रिया सीधी में किया जा रहा है। उन्होने बताया कि के.पी. एग्रीटेक रीवा में सेल्स आफिसर एरिया मैनेजर के पद पर भर्ती हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं एवं परिवारातक आयु 18 से 40 वर्ष एवं न्यूनतम वेतन 10500, आई.एम. सी. हर्बल प्रोडक्ट सेल्स एक्जक्युटिव के पद पर भती हेतु शैक्षणिक योग्यता 10वीं आयु 18 से 45 वर्ष वेतन कमीशन बेस पर एवं एसआईएस सिक्युरिटी सिंगरौली सिक्युरिटी गार्ड की भर्ती हेतु 10वीं की योग्यता एवं 167.5 से.मी. की ऊचाई तथा 56 से 90 किलोग्राम वजन रखने वाले योग्य व्यक्ति सम्मिलित हो सकते हैं जिसमें 15 हजार से 18 हजार रूपये देय होगा।

# विचार

## त्रासदी अकेलेपन की

दिल्ली के वसंत कुंज इलाके के चौहान मोहल्ले में रहने वाला हीरालाल तीसरी मंजिल के 2 कमरों के छोटे से फ्लैट में रहता था। उसकी 4 बेटियां थीं। सबसे बड़ी 26 साल की और सबसे छोटी 20 साल की थी। सभी बेटियां ग्रैजुएट थीं। हीरालाल एक अस्पताल में बढ़ई का काम करता था, लेकिन जनवरी में अचानक उसने नौकरी छोड़ दी थी। बताया जाता है कि उसकी चारों बेटियां दिव्यांग थीं। हीरालाल की पत्नी की मृत्यु एक साल पहले हो गई थी। वह काम पर जाने से पहले बेटियों के लिए खाना बनाता था, उन्हें खिलाता था। उनके दूसरे काम करता था। फिर लौटकर भी खाना बनाता था, उन्हें खिलाता था। एक दिन एक सफाई कर्मचारी को महसूस हुआ कि हीरालाल के घर से बदबू आ रही है। उसने दरवाजा खटखटाया, मगर दरवाजा किसी ने नहीं खोला। मकान मालिक ने भी आकर दरवाजा खोलने की कोशिश की मगर दरवाजा नहीं खुला। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने आकर दरवाजा तोड़ा। अंदर जाकर देखा तो एक कमरे में हीरालाल का शव पड़ा था। दूसरे कमरे में चारों बेटियों का। वहां कई गिलास भी मिले और सल्फास के पैकेट भी। पुलिस का अनुमान है कि सभी ने सल्फास खाकर आत्महत्या की है। पड़ोसियों ने बताया कि हीरालाल बहुत चुप रहता था। पत्नी की मृत्यु के बाद वह और अधिक चुप हो गया था। वह अक्सर अपनी बेटियों को अस्पताल ले जाता दिखता था। कोई उससे बातचीत करने की कोशिश भी करता, तो वह बात न करता। यही नहीं अगर कोई उसके घर भी जाए, तो दरवाजा नहीं खोलता था। उसकी बेटियां अक्सर घर में रहती थीं और लेटी रहती थीं। पत्नी की मृत्यु के बाद हीरालाल और भी अकेला हो गया था। उसके भाई की पत्नी ने बताया कि वह अपने रिश्तेदारों और परिवार के अन्य लोगों से भी बात नहीं करता था। यहां तक कि फोन भी नहीं उठाता था। एक बार उसका भाई उससे मिलने आया, तो उसके लिए भी उसने दरवाजा नहीं खोला। यह भी कहा कि वह अपनी बेटियों को बहुत प्यार करता था और उनकी जरूरतों को पूरा करता था। एक बेटी जिसे देखने की समस्या थी, उसने एक दिन उससे कहा कि वह उसे छोड़कर न जाए तो उसने नौकरी छोड़ दी थी। अंतिम बार हीरालाल सी.सी.टी.वी. फुटेज में एक पैकेट लिए दिखता है, जिसमें पुलिस के अनुसार शायद मिठाई थी। हीरालाल इस इलाके में 2018 से रह रहा था। मूल रूप से वह बिहार का रहने वाला था। 6 लोगों के परिवार का ऐसा करुण अंत, पहले मां बीमारी से चली गई और पिता शायद इस दुख को नहीं संभाल पाया कि कल को अगर उसे कुछ हो जाता है, तो उसकी चारों दिव्यांग बेटियों का क्या होगा।इसलिए उसने सबकी जीवन लीला समाप्त करने की सोची होगी। हमारे समाज में जहां किसी साधनहीन, स्वस्थ व्यक्ति का ही जीना दूभर है, वहां निश्चित रूप से गरीब परिवार की इन चारों विकलांग बच्चियों का क्या होता। ये बच्चियां पढ़ी-लिखी थीं। शायद किसी की सही गाइडलाइन मिली होती और मदद भी, तो हो सकता है किसी न किसी प्रकार अपने पांवों पर भी खड़ी होतीं।

# भारत के संदर्भ में हमें गढ़ने होंगे अपने विमर्श

**प्रह्लाद सबनानी**

**आज वैश्विक स्तर पर भारत के विरुद्ध कई झूठे विमर्श गढ़े जा रहे हैं। हाल ही के समय में इस प्रक्रिया ने कुछ रतार पकड़ी है। विमर्श के माध्यम से जनता के मानस को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। विमर्श सत्य, अर्द्धसत्य अथवा झूठ भी हो सकता है। यह, विमर्श गढ़ने वाले व्यक्ति द्वारा किन उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु इसे गढ़ा जा रहा है, पर निर्भर करता है। उदाहरण के लिए कुछ देशों के सबंध में प्रायः कुछ विमर्श गढ़े गए हैं, जैसे, अमेरिका के बारे में कहा जाता है कि वहां सामान्यतः व्यापार पर अधिक ध्यान दिया जाता है। ब्रिटेन के बारे में धारणा है कि वहां राजनीति पर अधिक ध्यान दिया जाता है। जर्मनी के सबंध में कहा जाता है कि वहां युद्ध कौशल के बारे में अधिक चर्चा की जाती है।**

इसी प्रकार, भारत के बारे में पूरे विश्व में धारणा है कि यहां आध्यात्मिकता की पराकाष्ठा रही है। परंतु, अब पूरे विश्व में विशेष रूप से भारत के संदर्भ में पुराने विमर्श टूट रहे हैं और नित नए विमर्श गढ़े जा रहे हैं। भारत चूंकि, हाल ही के समय में वैश्विक स्तर पर एक मजबूत आर्थिक ताकत बन कर उभर रहा है, भारत की यह प्रगति कुछ देशों को रास नहीं आ रही है एवं ये देश भारत के सम्बंध में झूठे विमर्श गढ़ रहे हैं। भारत की प्रगति को रोकने, कम करने अथवा प्रभावित करने के उद्देश्य से दरअसल, चार शक्तियों ने हाथ मिला लिए हैं। ये चार शक्तियां हैं, कट्टरवादी इस्लाम, प्रसारवादी चर्च, सांस्कृतिक मार्क्सवाद एवं वैश्विक बाजार शक्तियां। हालांकि उक्त चारों शक्तियों की अन्य देशों में आपसी लड़ाई है परंतु भारत के मामले में यह एक हो गई हैं और भारत में यह आपस में मिलकर भारत के हितों के विरुद्ध कार्य करती हुई दिखाई दे रही हैं। पश्चिमी एवं भारतीय विचारधारा में जमीन आसमान का अंतर है। जैसे भारत में व्यापार के मामले में शुभ लाभ की विचारधारा पर कार्य किया जाता है। परंतु, पश्चिमी देशों में पूंजीवाद का अनुसरण करते हुए व्यापार में अधिक से अधिक लाभ अर्जित करने का प्रयास किया जाता है इसके लिए चाहे सामान्यजन को कितना ही नुक्सान क्यों नहीं उठाना पड़े, इसे शुद्ध लाभ की संज्ञा दी जाती है। और, इसी प्रकार, वामपंथी विचारधारा में अप्रत्यक्ष रूप से शून्य लाभ के लिए कार्य होता दिखाई देता है जिससे अंततः व्यापार ही समाप्त होने की ओर आगे बढ़ जाता है। पश्चिमी एवं अन्य कई देशों में आज पूंजीवाद की विचारधारा को ही अपना लिया गया है। जिसके परिणामस्वरूप केवल लाभ को बढ़ाने के उद्देश्य से व्यापार करने वाली अमेरिकी कम्पनियों की सम्पत्ति आज कई देशों के सकल घरेलू उत्पाद से भी अधिक हो गई है। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य करने वाली माइक्रोसॉफ्ट नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 3.126 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की हो गई है। एप्पल नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 2.65 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। ऐमेजोन नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 1.87 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। इसी प्रकार, मेटा नामक अमेरिकी कम्पनी की सम्पत्ति 1.23 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। अमेरिका ने अधिकतम लाभ अर्जन को मुख्य उद्देश्य मानकर पूंजीवाद को बढ़ावा दिया जिससे आज अमेरिका कई अरबपति बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का स्वर्ग बन गया है और आज इन अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की सम्पत्ति कई देशों के सकल घरेलू उत्पाद से भी अधिक हो गई है। ब्रिटेन, कनाडा, फ्रान्स आदि जैसी विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का सकल घरेलू उत्पाद लगभग 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास है। भारतीय परम्परा में व्यापार में शुभ लाभ इसलिए कहा गया है क्योंकि भारतीय शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि व्यापार में होने वाले लाभ को 7 हिस्सों में बांटकर समाज में अति पिछड़ा वर्ग की मदद हेतु भी एक हिस्सा उपलब्ध कराया जाना चाहिए ताकि अति गरीब वर्ग भूखा न रहे। यह संस्कार भारतीय नागरिकों में वसुधैव कुटुम्बकम की भावना का संचार करते है। इसी कारण से आज विश्व भर में फैले आतंकवाद से निपटने में केवल भारतीय सनातन संस्कृति ही सक्षम दिखाई देती है। अतः भारतीय सनातन संस्कृति को पूरे विश्व के हितार्थ समस्त देशों को अपनाना चाहिए, आज यह विमर्श खड़ा किए जाने की सख्त आवश्यकता है।

पश्चिमी देशों के नागरिकों के लक्ष्य भौतिक (जड़) हो रहे हैं और चेतना कहीं पीछे छूट रही है। केवल आर्थिक विकास अर्थात अर्थ का अर्जन करना ही जैसे इस जीवन का मुख्य उद्देश्य हो। परंतु, भारत के नागरिक सनातन संस्कृति का अनुसरण करते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के अहसास के प्रति भी सजग दिखाई देते हैं, अर्थात उनमें चेतना के दर्शन भी होते हैं। इसीलिए भारत ने विश्व में दिलों को जीता है एवं कभी भी किसी देश पर आक्रमण करते हुए उनकी भूमि के एक इंच हिस्से पर भी अपना कब्जा नहीं जमाया है। साथ ही, भारत में संयुक्त परिवार ही भारतीय नागरिकों के सुख का आधार है। पश्चिमी देशों में तो आज संयुक्त परिवार दिखाई ही नहीं देते हैं और इसके दुष्परिणाम के रूप में वहां पर सामाजिक ताना-बाना छिन्न-भिन्न होता दिखाई दे रहा है। इन देशों में तलाक की दर बहुत अधिक है और इन देशों में नागरिक एक जीवन में 7 शादियां तक कर लेते हैं जबकि भारत में शादी को एक पवित्र बंधन मानते हुए पति-पत्नी के लिए विवाह नामक संस्था को 7 जन्मों का बंधन माना जाता है। एक से अधिक शादियां करने के चलते पश्चिमी देशों में बच्चों को अपने पिता के बारे में ही जानकारी नहीं रह पाती है। बुजुर्ग दम्पति अपने अंतिम समय पर बहुत पीड़ादायी जीवन जीने को मजबूर हैं। बच्चों में हिंसा की प्रवृति बढ़ रही है एवं छोटे छोटे बच्चे डीप्रेशन का शिकार हो रहे हैं। उक्त प्रकार की कई सामाजिक बुराईयों ने इन देशों में अपना घर बना लिया है। भारत ने विश्व का दिल जीता है एवं भारतीय संयुक्त परिवार ही सुख का आधार है, सेवा कार्य भारतीय नागरिकों के ध्द्ब में है जैसे विमर्श आज हम भारतीयों को गढ़ने की जरूरत है।

पश्चिमी विचारधारा में उत्पादों के अधिकतम उपभोग को जगह दी गई है। आज को अच्छी तरह से जी लें, कल किसने देखा है, यह पश्चिमी सोच, चर्च की प्रेरणा एवं भौतिकवाद पर आधारित है। इस्लाम एवं ईसाईयत में पुनर्जन्म पर विश्वास नहीं किया जाता है। जो कुछ भी करना है वह इसी जन्म में करना है। इसके ठीक विपरीत भारतीय सनातन संस्कृति पुनर्जन्म में विश्वास करती है इससे भारतीय नागरिकों द्वारा उपभोग में संयम बरता जाता है एवं उत्पादन में बहुलता होने की विचारधारा पर कार्य करते हुए दिखाई देते हैं। ईश्वर से प्रार्थना की जाती है कि प्रभु इतना दीजिए कि मैं भी भूखा ना रहूं और अन्य कोई भी भूखा ना सोय, यह भारतीय विचारधारा है। हिंदू एक जीवन पद्धति है इसे धर्म से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। धर्म का आश्य अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने से है। जबकि कई बार हिंदू शब्द को धर्म से जोड़ दिया जाता है और हिंदू को एक अलग धर्म मान लिया जाता है। हिंदू राष्ट्र भारत की संकल्पना है।

अतः आज यदि कुछ विदेशी शक्तियां भारत के विरुद्ध झूठे विमर्श गढ़ने में व्यस्त हैं तो भारत को भी अपने बारे में सत्य पर आधारित विमर्श गढ़ने की महती आवश्यकता है। भारतीय सनातन संस्कृति तो इस धरा पर उपस्थित समस्त जीवों के भले की बात करती है, इसीलिए भारत में पर्वत, नदी, पेड़, पौधों, जंतुओं आदि को भी पूजा जाता है। भारतीय संस्कृति में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। परंतु, दुर्भाग्य से आज पूरे विश्व में हिंसा व्याप्त है। इस हिंसा को केवल और केवल भारतीय सनातन संस्कृति के संस्कारों को अपना कर ही रोका जा सकता है। भारत के बारे में वास्तविक एवं सत्य पर आधारित विमर्श को गढ़कर, इस विमर्श के माध्यम से विश्व के अन्य देशों के नागरिकों को भारतीय सनातन संस्कृति की ओर आकर्षित किया जा सकता है।

# इसराइल ओर हमास के भीषण आतंकी हमले का एक वर्ष पूरा

**नीरज कुमार दुबे**

इजराइल पर हमास के भीषण आतंकी हमले को आज एक साल पूरा हो गया। इजराइलियों ने आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों को याद किया और बंधकों की शीघ्र रिहाई के लिए प्रार्थना की। हम आपको याद दिला दें कि एक साल पहले हमास के आतंकवादियों ने 7 अक्टूबर को इज़राइल में रॉकेट हमलों के अलावा जमीनी हमले भी किये थे। हमास के आतंकवादियों ने 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी और लगभग 250 बंधकों को वह गाजा ले गए थे। इसी हमले की याद में यरूशलम में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के घर के बाहर, बंधकों के परिवारों के नेतृत्व में लगभग 300 लोगों ने अपने प्रियजनों की तस्वीरें लेकर मृतकों के लिए एक मिनट का मौन रखा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हम अभी भी पिछले साल हुए हमले के गम में हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हम खुद को, अपने प्रधानमंत्री को और इज़राइल की जनता को यह याद दिलाने के लिए इस दिन की शुरुआत एक साथ करना चाहते थे कि भले ही यह दु:ख का दिन है, फिर भी बंधकों को वापस लाने का हमारा मिशन जिंदा है। इसके अलावा, रीम स्थित संगीत समारोह स्थल जहां 360 से अधिक लोग मारे गए थे और दर्जनों को बंधक बना लिया गया था, वहां आयोजित कार्यक्रम की राष्ट्रपति इसहाक हर्ज़ोग ने अध्यक्षता की। यहां समारोह में एक साल पहले पार्टी में बजाए गए आखिरी ट्रैक को फिर बजाया गया। राष्ट्रपति हर्ज़ोग ने कहा, हम हमेशा याद रखेंगे कि किसने अपहरण किया, किसने हत्या की, किसने बलात्कार किया, किसने कत्लेआम किया। साथ ही, हमने असाधारण धैर्य भी देखा है। हमारे पास अद्भुत लोग हैं और हम मजबूती के साथ खड़े हैं। हम आपको बता दें कि इजराइली सेना और पुलिस ने कहा है कि सुरक्षा बल आज पूरे देश में हाई अलर्ट पर हैं क्योंकि उन्हें 7 अक्टूबर, 2023 की सालगिरह के दिन संभावित फिलिस्तीनी हमलों की आशंका थी। रिपोर्टों के मुताबिक, इजरायल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में आवाजाही आज बाधित है साथ ही प्रवेश परमिट रखने वाले कुछ फिलिस्तीनियों को उनके मोबाइल फोन पर नोटिस मिला है कि उन्हें सोमवार को इज़राइल में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। हम आपको बता दें कि गाजा में 101 इजराइली अब भी बंधक बने हुए हैं। इजराइली सेनाएं क्षेत्र पर हमास के शासन को खत्म करने और उसकी सैन्य क्षमताओं को ध्वस्त करने के अपने मिशन पर लगातार आगे बढ़ रही हैं। लेकिन युद्ध का ध्यान तेजी से उत्तर की ओर लेबनान में स्थानांतरित हो गया है, जहां ईरान समर्थित हिज्बुल्ला समूह द्वारा मिसाइलों की बौछार शुरू करने के बाद से इजराइली सेना गोलीबारी कर रही है। सीमित दैनिक संघर्ष के रूप में जो चीज शुरू हुई थी वह बेरूत में हिजबुल्लाह के गढ़ पर बमबारी और सीमावर्ती गांवों में जमीनी हमले में बदल गयी। इजराइल के हमले में पिछले

दो हफ्तों में 1,000 से अधिक लोग मारे गए हैं। इसके अलावा दक्षिणी लेबनान से बड़े पैमाने पर पलायन शुरू हो गया है, जहां 1 मिलियन से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। हम आपको यह भी बता दें कि इजराइल ने 1 अक्टूबर को दूसरे ईरानी हमले पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन उसने कड़ी प्रतिक्रिया देने की कसम खाई है। इजराइली हवाई हमलों में हमास और हिजबुल्ला नेताओं के मारे जाने के जवाब में ईरान ने जब इस सप्ताह इजराइल पर 180 से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइल दागीं थीं तो कुछ लोग तेहरान की इस जोरदार प्रतिक्रिया को देखकर दंग रह गये। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू ने तुरंत एक निश्चित समय पर कठोर जवाबी कार्रवाई की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि देर रात जब उनके सुरक्षा मंत्रिमंडल ने एक बैठक की तो उसमें तय हुआ कि जो कोई भी हम पर हमला करेगा, हम उस पर हमला करेंगे। इसलिए यह देखना जरूरी हो जाता है कि इजराइल की जवाबी कार्रवाई कैसी हो सकती है और क्या ईरान व इजरायल के बीच युद्ध की शुरुआत हो सकती है या फिर अमेरिका अपने वादे के अनुरूप इजराइल के लिए युद्ध में शामिल हो सकता है? वैसे देखा जाये तो क्षेत्रीय युद्ध अब लगभग शुरू हो चुका है। लगभग एक वर्ष पहले गाजा में शुरू हुआ संघर्ष पूरे पश्चिम एशिया में फैल चुका है।

इजराइल अपनी सीमा से दूर देशों और समूहों से लड़ रहा है, जिसके कई वैश्विक परिणाम भी हैं। ईरान द्वारा किये गये हमले से ये साफ है कि यह संघर्ष एक तरफ इजराइल व उसके पश्चिमी सहयोगियों और दूसरी तरफ रूस व चीन द्वारा समर्थित ईरान और उसके सहयोगियों के बीच सीधा टकराव बन गया है। अमेरिका ने इजराइल को सैन्य और कूटनीतिक सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जबकि रूस ने ईरान को लड़ाकू विमान और वायु रक्षा तकनीक भेजने का वादा किया है। रूस, यूक्रेन के साथ अपने युद्ध के लिए ईरान से हथियार भी खरीद रहा है, जिससे तेहरान को बहुत जरूरी नकदी प्राप्त हो रही है। दूसरी ओर, इजराइल कई मोर्चों पर जंग लड़ रहा है। सबसे पहले इजराइल और गाजा के बीच युद्ध जारी है। इस युद्ध में 40,000 से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। हमास एक गुरिल्ला संगठन बन चुका है हालांकि अब भी विस्थापित फलस्तीनी आबादी पर उसका कुछ नियंत्रण है।

इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) वेस्ट बैंक में बढ़ती आतंकी घटनाओं से पार पाने के लिए ईरान द्वारा मुहैया हथियारों और वित्तपोषित स्थानीय आतंकवादियों के खिलाफ सैन्य अभियान चला रहा है। इस बीच इराक व सीरिया में शिया उग्रवादी और यमन में हूती विद्रोही अभी भी इजराइल के खिलाफ मिसाइल और ड्रोन हमले कर रहे हैं। हम आपको बता दें कि शिया और हूती ईरान के अन्य छद्म समूह हैं। वहीं इजराइल और अमेरिका दोनों ने यमन में हूती विद्रोहियों पर जवाबी हमला किया है। इजराइल ने दो सप्ताह पहले एक निर्णायक कदम उठाते हुए हिज्बुल्ला द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले हजारों पेजर और वॉकी-टॉकी में विस्फोट करने का आदेश दिया क्योंकि नेतन्याहू को डर था कि इस ऑपरेशन के उजागर होने का खतरा है।

# शारदीय नवरात्रि पर जमुनिया विद्यालय में कन्या भोज

**मीडिया ऑडीटर, अनुपपुर (एजेंसी)।** अनूपपुर जिले के संकुल उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक अनूपपुर अंतर्गत शासकीय प्राथमिक पाठशाला जमुनिया में शारदीय नवरात्रि की पंचमी के शुभ अवसर पर माता स्कंदमाता के पूजन के उपलक्ष्य पर मातृशक्ति के रूप में कन्याओं को मध्यांतर के समय कन्या भोज के रूप में विद्यालय में नवाचार करते हुए अध्यनरत समस्त बालक बालिकाओं को माता रानी के जयघोष के साथ ही हलवा,पूरी सब्जी,केला,मिष्ठान का भोजन के रूप में भरपेट प्रसाद का वितरण किया गया।तदोपरांत समस्त प्रसाद ग्रहण करने वाले बच्चों और छात्राओं का चरण स्पर्श कर भेट स्वरूप गिलास और दक्षिणा भी प्रदान किया गया। इस नवाचार से विद्यालय के बच्चों में बहुत उत्साह देखने को मिला माता भवानी से प्रार्थना किया गया कि बच्चों के शिक्षा में निरंतर प्रगति हो, स्वास्थ्य रहे और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। आयोजन में संकुल प्राचार्य एस.एल. बहेलिया,व्याख्याता राकेश कुमार बाधवा, शिक्षक अर्चना मिश्रा ,सहायक शिक्षक जयमंती धुर्वे, सृष्टि लता खलको, माध्यमिक शिक्षक रमाकांत द्विवेदी, संपत मिश्रा, स्नेहा, पूनम कुशवाहा, हेतराम साहू,जन शिक्षक संजय नामदेव, रामप्रकाश पटेल एवं रसोइया सुभद्रा कहार आदि द्वारा संपन्न कराया गया।

# सचिन तेंदुलकर ही नहीं लारा भी आएंगे रायपुर

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** इंटरनेशनल मास्टर्स लीग रायपुर में होने जा रहा है। रायपुर के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर क्रिकेट खेलते दिखेंगे। सिर्फ सचिन ही नहीं ब्रायन लारा, शेन वॉट्सन और जॉन्टी रॉड्स जैसे कई स्पोर्ट्स लिजेंड रायपुर पहुंचने वाले हैं।

IML का शेड्यूल भी जारी हो गया है। 26 नवंबर से खिलाड़ियों के रायपुर पहुंचने का सिलसिला शुरू होगा। 28 नवंबर को शहीद वीरनारायण स्टेडियम में पहला मैच खेला जाएगा। रायपुर में ही IML का सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला होगा। यहां कुल 8 मैच खेले जाएंगे।

**T-20 फॉर्मेट में होंगे मुकाबले:** सचिन समेत इंडियन क्रिकेट टीम के पुराने सितारे जैसे युवराज, सहवाग, कैफ भी रायपुर में दिखेंगे। IML की टीमों के कप्तान और शेड्यूल की घोषणा मुंबई में हुई। हालांकि किस टीम में कौन-कौन से खिलाड़ी होंगे तय नहीं है। सूत्रों की मानें तो इससे पहले रायपुर में खेले गए रोड सेफ्टी मैच में दिखे सितारे ही इस बार IML में नजर आएंगे।

ये मैच 17 नवंबर से शुरू होकर से 8 दिसंबर, 2024 तक खेले जाएंगे। डी.वाई. नवी मुंबई के पाटिल स्टेडियम में चार मैच के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। 17 नवंबर को भारत और श्रीलंका के बीच एक जोरदार मुकाबला होगा। इसमें सचिन तेंदुलकर और कुमार संगकारा आमने-सामने होंगे। 21 और 24 नवंबर के इस सीरीज के मैच लखनऊ में होंगे। इसके बाद सारे मुकाबले रायपुर में ही खेले जाएंगे।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

**मीडिया ऑडीटर, चिरमिरी (एजेंसी)।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में आज कुल 17 आवेदन प्राप्त हुए।

आज के जनदर्शन में आवेदक तेजकुंवर निवासी डोमनापारा ने जाति, आय, निवास जमा करने के संबंध में, विकास पाण्डेय निवासी मनेंद्रगढ़ झगराखांड नगर पंचायत में पिछले दो महीने से पीएचई व्दारा बंद पानी सप्लाई के संबन्ध में, विकास पाण्डेय निवासी मनेंद्रगढ़ टी.व्ही. टॉवर रोड मनेंद्रगढ़ वार्ड क्रमांक 16 स्थित बदन सिंह तालाब के सफाई के संबंध में, धरमपाल निवासी चौनपुर तहसील कार्यालय में पदस्त बाबू संजय माझी पद सहायक ग्रेड -3 के व्दारा ऋण पुस्तिका गायब करने के संबंध में, बाबूलाल भूमि के संबंध में, सूर्यभान सिंह निवासी सिगुड़ी पंचायत के पुल निर्माण कार्य में किए गए कार्य की राशि का भुगतान न किए जाने के संबंध में, सुरेश साहू श्रम सम्मान राशि प्रदाय करने के संबंध में, सरोज जायसवाल निवासी नागपुर नलजल मिशन के तहत कराए गए काम का भुगतान पंचायत सचिव के व्दारा नहीं दिए जाने के संबंध में, सुशीला कोठारी निवासी मनेंद्रगढ़ नगर पालिका व्दारा निर्मित नाले के कारण लोगों के जान माल के लिए उत्पन्न खतरनाक स्थिति के संबंध में, मण्डल राम निवासी पोड़ा झोरकी पीएम आवास योजना के अंतर्गत मिलने वाली लाभ से रोजगार सहायक के व्दारा वंचित रखे जाने के संबंध में, हरिदयाल सिंह निवासी खड़गवां भूमि के संबंध में, अर्जुन सिंह निवासी कछोड़ भूमि के संबंध में।

# श्रीफल और जनेऊ के साथ विप्र समाज में सदस्यता अभियान का हुआ शंखनाद

**मीडिया ऑडीटर, अनुपपुर (एजेंसी)।** विप्र समाज के सदस्यता अभियान हेतु नवाचारी बैठक राम जानकी मंदिर अनूपपुर में वृहद संख्या में उपस्थित होकर वरिष्ठ विद्वान,समर्पित विप्रजनों द्वारा भगवान परशुराम के जयघोष के साथ प्रारंभ हुआ।जिसमे आगामी कार्य योजना क्रियान्वयन हेतु सर्वसम्मति से विभिन्न प्रस्ताव उत्साहपूर्वक पारित किया गया।

**योजनाबद्ध तरीके से सदस्यता अभियान:** अनूपपुर में विप्र समाज के सदस्यता अभियान संबंधी बैठक में सर्वसम्मति निर्णय लिया गया कि सदस्य अभियान का आगाज अमरकंटक से सर्वप्रथम पवित्र सलिला मां नर्मदा के पूजन दर्शन उपरांत मंदिर ,मठ के मठाधीशों से आशीर्वाद लेकर प्रारंभ किया जाएगा।वहा से वापस आकर राजेंद्रग्राम विप्र समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम स्थल पर सदस्यता अशोक पांडे एवं उनकी टीम द्वारा किया जायेगा।सदस्यता हेतु इस अभियान कार्यक्रम में सुंदर काण्ड तथा हनुमान चालीसा के सस्वर पाठ होगे।बैठक भाषण परामर्श से न होकर परिचर्चा पद्धति से होगा ताकि समय का समुचित उपयोग हो सके।कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित सुरेंद्र कुमार मिश्रा तथा मंच संचालक पंडित सुरेंद्र शुक्ला ,जिलाअध्यक्ष आर्यावर्त ब्राह्मण समाज चैतन्य मिश्रा ,अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज परिषद विद्याधर पांडे एवं संयोजक मानस मर्मज्ञ रामनारायण द्विवेदी एवं उपस्थित विप्रो से चर्चा एवं अनुमोदन कर अभियान को आगे बढ़ाया गया। पंडित श्रीनिवास तिवारी द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किए गए। पंडित चैतन्य मिश्रा ने मुख्यालय में कुछ स्थान निश्चित कर सदस्यता अभियान चलाए जाने की बात कही।

**ग्यारह हजार विप्र परिवार जोड़े जाने का लक्ष्य:** सदस्यता अभियान की बैठक में विप्र समाज के संयोजक पंडित रामनारायण द्विवेदी ने स्पष्ट करते हुए कहा कि परिवार प्रमुख को नारियल जनेऊ देने के बाद उसका पूरा परिवार सदस्य होगा।इस प्रकार पूरा परिवार समाज में सम्मिलित होगा जो की हमारे सुख दुख में शामिल होगे।

**शंकराचार्य/धर्माचार्यो से सम्मति अनुज्ञा अनुरोध किया जायेगा:** सदस्यता अभियान बैठक में आगे पंडित राम नारायण द्विवेदी द्वारा बताया गया कि इस पूरे सदस्यता अभियान की जानकारी श्री विभूषित चारो पीठों के शंकराचार्य एवं धर्माचार्यों को देते हुए उनके आशीष की सफलता की आकांक्षा किया जायेगा।

**राजनीति से हटकर चंदा रहित विप्र संगठनों से चर्चा:** विप्र समाज के सदस्यता अभियान की बैठक में सबसे मुख्य विषय को सदन में रखते हुए एक स्वर से प्रस्ताव पारित किया गया कि गैर राजनीतिक एवं चंदा रहित संगठनों से सहयोग लिया जाएगा।आयोजन की गरिमा और विशालता को समझते हुए जो उपस्थित नही हो पाए उनसे लगातार संपर्क किया जा रहा है।

**जिला स्तर पर समिति का हुआ गठन:** विप्र समाज की बैठक में जिला स्तर पर समिति गठित की गई जिसमे पंडित रामनारायण द्विवेदी , पंडित कमलेश द्विवेदी ,पंडित चैतन्य मिश्रा ,पंडित संतोष मिश्रा ,पंडित संजय मिश्रा ,पंडित बाबूलाल पाठक ,पंडित,मधुकर चतुर्वेदी ,पंडित शेष नारायण शुक्ला एवं पंडित विद्याधर पांडे जो कि जिला स्तर पर मार्गदर्शन प्रदान करेगे।

**विप्रजनों ने सदस्यता नारियल जनेऊ किया समर्पित:** सदस्य अभियान में सदस्यता हेतु पंडित रामनारायण द्विवेदी ,चैतन्य मिश्रा ,विद्याधर पांडे ,जगन्नाथ मिश्रा ,रामशरण शर्मा ,बिहारीलाल ,मधुसूदन द्विवेदी ,सुरेंद्र शुक्ला ,जितेंद्र पाण्डेय ,राजमणि पाण्डेय , पंडित कमलेश द्विवेदी ,आर पी गौतम ,मधुकर चतुर्वेदी ,रोहिणी तिवारी ,सुधीर द्विवेदी ,श्रीनिवास तिवारी ,देवानंद शुक्ला , बी एल पाठक ,अनिल कुमार मिश्रा ,दिनेश मिश्रा ,विजय पांडे ,जय प्रकाश पांडेय जी,अवधेश सिंह तिवारी ,संदीप मिश्रा ,संजय मिश्रा ,अयोध्या तिवारी ,ब्रम्हानंद गर्ग ,अमित मिश्रा , डी पी मिश्रा आदि ने श्रीफल और जनेऊ किया समर्पित।

**सशक्त महिला विप्र समाज का गठन:** विप्र समाज के सदस्यता अभियान हेतु आयोजित बैठक के उपरांत उपस्थित समस्त विप्र जनो द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि योजनाबद्ध तरीके से सदस्यता अभियान उपरांत सशक्त महिला विप्र समाज का गठन भी किया जायेगा।

**विप्र भेट समारोह का होगा आयोजन:** अनूपपुर में आयोजित बैठक में विप्र समाज के विभिन्न संगठनों के उपस्थित अध्यक्ष और सदस्य द्वारा निर्णय लिया गया कि आगामी भगवान परशुराम जयंती पर विशाल रूप में विप्र भेट कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

# सरगुजा में नाबालिग के कपड़े उतरवाए, फिर लाठी-डंडे बरसाए

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा में एक नाबालिग लड़के को अर्धनग्न कर पीटा गया है। पिटाई के वक्त कुछ लोगों ने वीडियो भी बनाया है। आरोपियों ने पिटाई के बाद वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। मामला गांधीनगर थाना क्षेत्र का है। मारपीट का वीडियो आने के बाद कांग्रेस ने साय सरकार पर हमला बोला है। वीडियो 5 दिन पुराना बताया जा रहा है। कांग्रेसियों ने इसे सोशल मीडिया साइट इंस्टा पर पोस्ट कर दिया। पूर्व मुख्यमंत्री के समर्थकों ने अंबिकापुर के जिस वीडियो को छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री आईडी से पोस्ट किया है, उस वीडियो में कुछ युवक एक नाबालिग को छत पर ले गए हैं। छत पर उसकी बेदम पिटाई करते दिख रहे हैं। बताया जा रहा है कि नाबालिग गांजा पीने का आदि है, जिसकी हरकतों के कारण पिटाई की गई है।

**2 घंटे तक मारपीट, वीडियो किया वायरल:** वायरल वीडियो में दिख रहा है कि कुछ युवक कह रहे हैं कि ये पिटाई पिछले 2 घंटे से लगातार चल रही है। नाबालिग को जैसे ही डंडे पड़ रहे हैं, नाबालिग चिल्लाने लगता है, लेकिन पीटने वाले युवक उसे छोड़ नहीं रहे हैं। सरगुजा पुलिस के अधिकारियों तक वीडियो पहुंचा तो मामले की जांच शुरू की गई।

**आरोपियों की पुलिस ने की पहचान:** सरगुजा एएसपी अमोलक सिंह ने कहा कि वीडियो की जांच की जा रही है। मारपीट करने वालों की पहचान कर ली गई है। वे गांधीनगर थाना क्षेत्र के हैं। पीड़ित का पता नहीं चला है। पीड़ित की पहचान होने के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# रोजगार कैंप का आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, चिरमिरी (एजेंसी)।** जिला ग्रामीण विकास प्रशासन योजना के अंतर्गत शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से तीनों विकासखण्ड - मनेंद्रगढ़, खड़गवां और भरतपुर में रोजगार कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। यह आयोजन श्री संतोष कुमार, भर्ती अधिकारी के निर्देशानुसार किया जा रहा है। विकासखण्ड खड़गवां में 10 और 11 अक्टूबर को जनपद पंचायत खड़गवां में, और 22 अक्टूबर को गवर्मेंट आईआईटी कॉलेज, बचारापोड़ी, चिरमिरी में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक कैंप आयोजित किया जाएगा। मनेंद्रगढ़ में 14 और 15 अक्टूबर को जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ में, 21 अक्टूबर को गवर्मेंट आईआईटी कॉलेज मनेंद्रगढ़ में, और 24 अक्टूबर को शासकीय विवेकानंद पी.जी. कॉलेज मनेंद्रगढ़ में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक रोजगार कैंप होंगे। भरतपुर में 16 और 18 अक्टूबर को जनपद पंचायत भरतपुर में, और 23 अक्टूबर को गवर्मेंट आईआईटी कॉलेज भरतपुर (जनकपुर) में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक कैंप आयोजित किया जाएगा।

## रायगढ़ में नदी किनारे बन रही थी अवैध शराब

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में आबकारी विभाग ने भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब नष्ट किया है। कुरकुट नदी के किनारे एक झोपड़ी में अवैध शराब बनाई जा रही थी। आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया है। सूचना मिली थी कि पुंजिपथरा क्षेत्र के बिलासखार में कुरकुट नदी के किनारे भारी मात्रा में अवैध शराब बनाई जा रही है। शराब तस्कर इसे बनाकर आस-पास के गांवों में बेचने वाले हैं। जिसके बाद आबकारी उपनिरीक्षक अन्य स्टाफ के साथ मौके पर दबिश दी। शराब तस्कर दूर से आबकारी टीम को आता देख भाग निकले। जहां चूल्हा भट्ठी और महुआ शराब मिला।

# रायगढ़ में फैक्ट्री तक नहीं पहुंचा 40 लाख का कोयला,कोरबा से लोड कर चांपा में बेचा कोयला, ट्रक का जीपीएस हटाकर धोखाधड़ी

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में कोरबा से कोयला भरकर आए दो ट्रक अदानी पावर प्लांट नहीं पहुंचे। ट्रक मालिकों ने चांपा में कोयला बेच दिया। मामले की जानकारी मिलने पर फैक्ट्री के सुरक्षा गार्ड ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामला पुसौर थाना क्षेत्र का है।

अडानी पावर प्लांट के सिक्योरिटी गार्ड धर्मेन्द्र पाठक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि, कोरबा के कुसमुंडा क्षेत्र से अदानी पावर लघु भण्डारण कोयला ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 4037 चालक बबलू नितिन 31.270 टन कोयला लेकर और दूसरा ट्रक क्रमांक सीजी 12 बीपी 8610 चालक श्रवण कुमार 37.450 टन कोयला लेकर निकला था।

लेकिन रास्ते में ट्रक से जीपीएस सिस्टम को निकाल दिया गया। उसे वाहन मालिक ओमी साहू ने अपनी कार में लगाकर जो निर्धारित रास्ता है, उस रास्ते आने लगा। इसके बाद दोनों ट्रक में लोड कोयले को चांपा के प्रकाश उद्योग के नजदीक किसी प्लांट में कोयले को बेच दिया। उसमें डस्ट डालकर ले आए।

**ट्रक में कोयला के साथ डस्ट मिला दिए:** जब प्लांट आने पर रास्ते में सिक्योरिटी गार्डों ने ट्रक की जांच की, तो उसमें कोयले के साथ डस्ट मिला था। ओमी के कार में जीपीएस सिस्टम मिला। इसके बाद सिक्योरिटी गार्डों ने ट्रक ड्राइवरों से पूछताछ की, तो उनसे पता चला कि, ओमी साहू और उसका साथी यश शुक्ला के कहने पर वे चांपा के प्लांट में बेच देते थे। इस तरह वो करीब 40 लाख रुपए का कोयला बेच चुके हैं।

**लोकेशन से बचने जीपीएस कार में लगा देते:**

पूछताछ में पता चला कि, पहले भी इस तरह उन्होंने किया है। कार में जीपीएस को लगा देते थे। जिससे ट्रक का लोकेशन नहीं मिल सके। मामले की जानकारी मिलने के बाद सिक्योरिटी गार्ड ने पुसौर थाने में इसकी सूचना देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। जहां पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 316(3) 318(4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध केस दर्ज कर जांच जुट गई है।

# बलौदाबाजार में चेन माउंटेन से रेत खनन की आशंका

## विधायक ने की प्रतिबंध लगाने की मांग,10 अक्टूबर से रेत घाट फिर से खुलेंगे

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** बलौदाबाजार जिले के कसडोल विधायक संदीप साहू ने जिले के रेत खदानों में चेन माउंटेन मशीन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने कलेक्टर से मांग की है। उन्होंने सोमवार को कलेक्टर दीपक सोनी को ज्ञापन सौंपा।

विधायक ने अवैध खनन, बिना पास के रेत खुदाई, और स्वीकृत क्षेत्र से बाहर रेत खनन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इसके साथ ही, उन्होंने पीट पास की प्रक्रिया की जांच कराने का आग्रह भी किया। विधायक का कहना है कि इन खनन गतिविधियों से पर्यावरण को नुकसान हो रहा है और स्थानीय लोगों के जीवन पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। **अवैध खनन पर प्रतिबंध की मांग:** उन्होंने कलेक्टर से आग्रह किया है कि इन मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की जाए और अवैध खनन पर सख्ती से प्रतिबंध लगाया जाए। स्थानीय निवासियों ने इस विषय पर अपनी चिंता व्यक्त की है और प्रशासन से अवैध खनन पर कार्रवाई की उम्मीद की है।

**चेन माउंटेन मशीन से खनन की आशंका:** बता दें कि मंत्री टंक राम वर्मा ने पिछले सीजन में पूरे जिले में मशीन से रेत खनन पर रोक लगा दी है। लेकिन 10 अक्टूबर से रेत खनन होने वाला है, जिसमें रेत माफिया द्वारा चेन माउंटेन मशीन से रेत खनन की तैयारी करने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

विधायक ने कहा कि रेत माफिया द्वारा सभी गाड़ियों में नियमित रूप से पिट पास जारी नहीं करते। एक ही रॉयल्टी पर्ची से गाड़ियों के कई फेरे लगवा कर शासन के राजस्व चोरी करते हैं। जिसकी जांच और खनिज चौकी जिले के चारों दिशा में लगाया जाए ताकि राजस्व चोरी रोका जा सके।

# भगवा पार्टी की शिकायत को अगर जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया होता, तो गुजरात पुलिस की जगह मप्र शासन द्वारा कार्यवाही की जाती- कमलेश द्विवेदी

## भोपाल में 1,814 करोड़ की ड्रग्स फैक्ट्री का पर्दाफाश का मामला

**मीडिया ऑडीटर, अनुपपुर (एजेंसी)।** भारतीय गण वर्ता पार्टी (भगवा पार्टी) अनूपपुर के जिला अध्यक्ष कमलेश द्विवेदी ने एक विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि भोपाल में 1814 करोड़ की ड्रग्स फैक्ट्री का पर्दा पास मध्य प्रदेश सरकार की ड्रग्स नीति की पोल खोल कर रख दी है क्योंकि अगर भारतीय गण वार्ता पार्टी के द्वारा भोपाल जिला प्रशासन को पहले ही अगाह किया गया था कि उक्त फैक्ट्री में अवैध गतिविधियां संचालित हो रही है जिस पर अगर कार्रवाई की गई होती तो शायद गुजरात पुलिस को आकर इस फैक्टरी पर कार्रवाई करने की जरूरत नहीं पड़ती और मध्य प्रदेश के कानून व्यवस्था पर एक दाग नहीं लगता ज्ञात हो की गुजरात की पुलिस के द्वारा भोपाल में 1814 करोड़ की ड्रग्स फैक्ट्री का पर्दाफास करने से चार दिन पहले ही फैक्ट्री की प्रदूषण और संदिग्ध गतिविधियों को लेकर कार्यवाही के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाकांत शुक्ला के निर्देश पर भोपाल जिला कलेक्टर को भगवा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार भार्गव ने पत्र लिख कर कार्यवाही की मांग की थी

भोपाल में 1,814 करोड़ रुपये की मेफेड्रोन (एमडी) ड्रग्स की अवैध फैक्ट्री का खुलासा पूरे देश को हिला देने वाला है। गुजरात एटीएस और दिल्ली नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की संयुक्त कार्रवाई में बगरोदा औद्योगिक क्षेत्र स्थित इस फैक्ट्री से बड़ी मात्रा में ड्रग्स और कच्चा माल जब्त किया गया। जांचकर्ताओं के अनुसार, इस ड्रग्स से 18 लाख से ज्यादा युवाओं को नशे की लत लगाई जा सकती थी।

गुजरात एटीएस ने नासिक के सान्याल बाने, भोपाल के अमित चतुर्वेदी और मंदसौर के हरीश आंजना को गिरफ्तार किया है। सान्याल पहले से ही ड्रग्स मामले में सजा काट चुका था और कुछ समय पहले ही जेल से बाहर आया था। इस फैक्ट्री में इंदौर और उज्जैन से आए कच्चे माल से प्रतिदिन 25-30 किलो ड्रग्स तैयार किया जा रहा था।जांच में यह भी सामने आया कि फैक्ट्री का वेंटिलेशन सिस्टम असामान्य था, जिसने जांच टीम के शक को बढ़ाया। गुजरात एटीएस की टीम ने फैक्ट्री पर एक महीने तक निगरानी रखी, जिसके बाद छापेमारी की गई।

इस ऑपरेशन से पहले भगवा पार्टी ने फैक्ट्री के संदिग्ध गतिविधियों और प्रदूषण को लेकर चार दिन पहले ही भोपाल जिला कलेक्टर को पत्र लिखा था। अनूपपुर जिला अध्यक्ष कमलेश द्विवेदी ने बताया कि अगर जिला प्रशासन ने इस शिकायत को गंभीरता से लिया होता, तो मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा ही इस फैक्ट्री पर कार्रवाई की जा सकती थी। उन्होंने इसे भोपाल प्रशासन की बड़ी चूक बताते हुए इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। यह ऑपरेशन भोपाल और पूरे देश में अवैध ड्रग्स के नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्यवाही है, लेकिन इस फैक्ट्री की संदिग्ध गतिविधियों पर समय रहते ध्यान न दिए जाने के कारण प्रशासनिक तंत्र की कार्यक्षमता पर सवाल उठे हैं।

वही भगवा पार्टी के जिला अध्यक्ष कमलेश द्विवेदी ने अपने प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव को धन्यवाद देते हुए कहा कि अगर प्रदेश की सरकार पहले जाग जाती तो मध्य प्रदेश के मुंह में यह कालिख पुतने से बच जाती

## छत्तीसगढ़ में पांच दोस्तों की दर्दनाक मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**रायपुर ( एजेंसी )।** छत्तीसगढ़ में 2 अलग-अलग सड़क हादसों में 5 लोगों की मौत हो गई। कोंडगांव जिले में 3 और सक्ती जिले में 2 दोस्तों की मौत हो गई। हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दें कि पहला हादसा जिले के फरसगांव थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-30 पर हुआ। यहां भैरव मंदिर के पास तीन दोस्त बाइक पर सवार होकर बोरगांव जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल (कुमोर सिंग) को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। मृतकों की पहचान फूलसिंह बघेल (45), छबी लाल गोंड (38) और कुमोर सिंग (40) के रूप में हुई है। दूसरा हादसा सक्ती जिले के हसौद थाना क्षेत्र में हुआ। यहां एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार 2 युवकों की मौत हो गई। हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने रोड जाम कर दिया। वहीं, हंगामने की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लिया और ग्रामीणों को समझाबुझाकर मामला शांत कराया।

## महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा को मिली हार

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजों में पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने अपनी हार स्वीकार कर ली है। इल्तिजा को नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार बशीर अहमद शाह वीरी के हाथों हार का सामना करना पड़ा। 12वें राउंड की मतगणना के बाद बशीर अहमद को 31,292 वोट मिले, जबकि इल्तिजा को 22,534 वोट ही मिल सके। इस तरह बशीर अहमद ने इल्तिजा को 8,000 से अधिक वोटों से हराया। वहीं, बीजेपी के उम्मीदवार सोफी युसुफ को सिर्फ 3,468 वोट मिले, जिससे वे तीसरे स्थान पर रहे। इस सीट पर 1,475 वोट नोटा को भी मिले।एक्स पर एक पोस्ट में इल्तिजा मुफ्ती ने कहा कि उन्होंने लोगों के फैसले को स्वीकार कर लिया है और अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को उनके लिए प्रचार करने के लिए धन्यवाद दिया। इल्तिजा मुफ्ती ने कहा, मैं लोगों के फैसले को स्वीकार करती हूं। बिजबेहरा में सभी से मुझे जो प्यार और स्नेह मिला है, वह हमेशा मेरे साथ रहेगा। इस अभियान के दौरान कड़ी मेहनत करने वाले पीडीपी कार्यकर्ताओं का आभार। पीडीपी के अन्य उम्मीदवारों की बात करें तो कुपवाड़ा सीट से मीर मोहम्मद फयाज, त्राल से रफीक अहमद नायक और देवसर से मोहम्मद सरताज मदनी आगे चल रहे हैं। हालांकि त्राल और देवसर में अभी काफी राउंड की मतगणना बाकी है, लेकिन इन सीटों पर पीडीपी की बढ़त बनी हुई है। चुनाव आयोग की वेबसाइट के अनुसार, जम्मू-कश्मीर में बीजेपी को अब तक 6 सीटों पर जीत हासिल हो चुकी है और वह 23 सीटों पर आगे चल रही है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 4 सीटों पर जीत दर्ज की है और 37 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। पीडीपी को एक सीट पर जीत मिली है

# विकसित भारत का रास्ता गांव से होकर जाता है-मुख्यमंत्री

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार गरीब और किसानों की सरकार है। यहाँ सभी को समान रूप से पात्रतानुसार सुविधाएं उपलब्ध है। गरीब एवं किसानों को प्राथमिकता से सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। सड़क दुर्घटना में कोई गरीब भी घायल होता है तो उसे अस्पताल पहुंचाने के लिए सरकार हेलीकॉप्टर पहुंचाएगी। यदि मृत्यु हुई तो सरकार पार्थिव देह को उसके घर तक पहुंचाने की व्यवस्था करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित लोगों को लाभान्वित करने के लिए आज से सर्वे चालू हो गया है। सभी पात्र व्यक्तियों के इस योजना का लाभ मिलेगा। क्षेत्र के विकास के लिए की गई घोषणाएं पूरी होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को सीहोर जिले के भैरूंदा में ग्राम विकास सम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री ने पीएमजीएसवाई-ढ्ढ्ढ के अन्तर्गत 500 कि.मी. स्वीकृत सड़कों का शुभारंभ किया तथा स्व-सहायता समूहों के लिए 150 करोड़ रूपए के बैंक ऋण व सामुदायिक निवेश राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण किया। साथ ही 8 प्र-संस्करण इकाइयों एवं 100 सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्रों का शुभारंभ भी किया। प्रदेश के 5 नए जिलों में आरसेटी प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की स्वीकृति भी दी गई। कार्यक्रम में सीहोर जिले के 52818 तेंदूपत्ता संग्रहकों को 2 करोड़ 70 लाख रूपये बोनस राशि का वितरण तथा मध्यप्रदेश सरकार की बाँस मिशन योजना में 215 बाँस हितग्राहियों को 2 लाख 90 हजार बाँस पौधों की अनुदान राशि एक करोड़ 4 लाख 27 हजार रूपये का वितरण भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का पूरी दुनिया में सम्मान है। उन्होंने देश का गौरव बढ़ाया है और दुश्मनों को करारा जवाब दिया है। दुश्मनों से उनका कहना है कि यदि आप गोली फेंकोगे तो हम गोला फेकेंगे। सीमा पर जवान और खेत पर किसान, दोनों का गौरव बढ़ा है। हमारी सरकार इनके कल्याण के कार्य करती है। किसानों को हर संभव सहायता दी जा रही है। प्रदेश के किसानों से समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी जायेगी। आज भैरूंदा से 8 खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों का लोकार्पण किया गया है। प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी निरंतर कार्य हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार आक्रांताओं के एक-एक चिन्ह को मिटाती जा रही है। भैरूंदा का नाम आक्रांताओं ने नसरुल्लागंज कर दिया था, जिसे बदलकर फिर भैरूंदा कर दिया गया है। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए कई घोषणाएं भी की। विधानसभा बुदनी के चारों नगरीय निकायों के विकास के लिए 2-2 करोड़ रुपए दिए जाने की घोषणा की। कई नवीन मार्ग भी स्वीकृत किए। केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश में कृषि एवं ग्रामों के विकास के लिए निरंतर कार्य किया जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तो भैरूंदा वालों की चांदी कर दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से कहा कि मोहन तुम प्रदेश को प्रगति और विकास के पथ पर आगे बढ़ाते जाओ, प्रधानमंत्री श्री मोदी का आशीर्वाद और मेरा साथ तुम्हारे साथ है। क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार दोनों मिलकर काम करेंगी। प्रदेश में और भी सीएम राइज स्कूल खोले जाएंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से जो भाई-बहन छूट गए हैं, उनके लिए आज से सर्वे चालू हो रहा है, जो आगामी 6 माह में पूरा कर लिया जाएगा। अब सरकार ने इस योजना में 4 शर्तों को समाप्त कर दिया है। पहले जिनके पास फोन थे, मोटरसाइकिल या स्कूटर था, 10 हजार से अधिक मासिक आमदनी थी, ढाई एकड़ सिंचित अथवा 5 एकड़ तक असिंचित जमीन थी, उन्हें योजना में पात्रता नहीं थी। अब इन शर्तों को हटा दिया गया है। अब 15 हजार रूपये तक मासिक आमदनी वालों को भी योजना में पात्रता होगी। मूंग और सोयाबीन के बाद अब मसूर, उड़द और तुवर भी एमएसपी पर खरीदे जाएंगे। केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री कमलेश पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का मानना है कि विकसित भारत के लिए गांवों को विकसित बनाना आवश्यक है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश के विकास के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना, नरेगा, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन सभी योजनओं से सरकार देश के ग्रामों को विकसित बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने निर्णय लिया है कि आगामी 5 साल में दो करोड़ लोगों को आवास योजना से लाभांवित किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के प्रत्येक व्यक्ति को आवास, बिजली, शुद्ध जल देने एवं सभी आवश्यक सुविधाएं देने का संकल्प लिया है। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि सरकार देश एवं प्रदेश के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का कोई भी गरीब अब आवास योजना से वंचित नही रहेगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में 01 अप्रेल 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) शुरू हुई थी और इस योजना के तहत मध्यप्रदेश सरकार ने लगातार लक्ष्य प्राप्त किए हैं।

# जम्मू-कश्मीर में एनसी-कांग्रेस की सरकार

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटने के बाद हुए विधानसभा चुनाव में पीडीपी गठबंधन ने 49 सीटों पर जीत दर्ज की। गठबंधन में शामिल नेशनल कॉन्फ्रेंस को सबसे ज्यादा 42, कांग्रेस को 6 और सीपीआई(एम) को एक सीट मिली। सरकार बनाने के लिए 46 सीटों की जरूरत है। भाजपा ने 29 सीटें जीती हैं। पार्टी को पिछले चुनाव के मुकाबले 4 सीटों का फायदा हुआ है। हालांकि जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना नौशेरा सीट से एनसी कैंडिडेट से करीब 8 हजार वोटों से हार गए। उन्होंने पार्टी हाईकमान को अपना इस्तीफा भेजा है। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीडीपी ने 3 सीटें जीती हैं। पिछले चुनाव में पार्टी को 28 सीटें मिली थीं। पहली बार चुनाव लड़ रहीं महबूबा की बेटी इल्तिजा मुफ्ती श्रीगुफवारा बिजबेहरा सीट से करीब 9 हजार से

ज्यादा वोटों से हार गईं। जम्मू-कश्मीर में आम आदमी पार्टी ने पहली बार जीत दर्ज की है। डोडा सीट से मेहराज मलिक ने भाजपा के गजय सिंह राणा को 4500 से ज्यादा वोटों से हराया। वहीं पीपुल्स कॉन्फ्रेंस को एक सीट पर जीत मिली। 7 पर निर्दलीय जीते। संसद पर हमले के आरोपी अफजल गुरु के भाई ऐजाज गुरु को सोपोर सीट पर 129 वोट मिले। नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा- उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के अगले ष्टरूहोंगे। उमर अब्दुल्ला ने दो सीटों (बडगाम और गांदरबल) पर चुनाव लड़ा और दोनों पर पीडीपी कैंडिडेट को हराया। जम्मू-कश्मीर में 18 सितंबर से 1 अक्टूबर तक 3 फेज में 63.88 त्न वोटिंग हुई थी। 10 साल पहले 2014 में हुए चुनाव में 65त्न वोटिंग हुई थी। इस बार 1.12त्न कम वोटिंग हुई। 5 अक्टूबर को आए एग्जिट पोल में 5 सर्वे ने एनसी-कांग्रेस सरकार का अनुमान जताया था, जबकि 5 ने हंग असेंबली का दावा किया था।

## चुनाव में कभी अति आत्मविश्वासी न हों-केजरीवाल

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** हरियाणा में शुरुआती रुझानों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बढ़त बनाने के बीच आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि चुनाव परिणामों का ''सबसे बड़ा सबक यह है कि चुनावों में कभी भी ''अति आत्मविश्वासी% नहीं होना चाहिए। भाजपा हरियाणा में जीत ओर अग्रसर पर है और वह 90 सदस्यीय विधानसभा में से 50 पर बढ़त बनाए हुए है। केजरीवाल ने आप के नगर पार्षदों को संबोधित करते हुए कहा, ''देखिए, हरियाणा में चुनाव के नतीजे क्या रहते हैं। सबसे बड़ा सबक यही है कि किसी को भी चुनाव में अति आत्मविश्वासी नहीं होना चाहिए।% उन्होंने कहा, ''किसी चुनाव को हल्के में नहीं लेना चाहिए। हर चुनाव और हर सीट मुश्किल होती है।% हरियाणा में सीट बंटवारे को लेकर मतभेद के कारण आप कांग्रेस के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन करने में विफल रही थी।

# शहीदों के परिवारों का सहारा बनी पंजाब सरकार

**अमृतसर ( एजेंसी )।** पंजाब सरकार मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में कार्यरत है, शहीदों के परिवारों और पूर्व सैनिकों की भलाई के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इसी क्रम में सरकार ने युद्ध या सीमा पर शहीद होने वाले सैनिकों के परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उन्हें एक करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान करने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत मुख्यमंत्री खुद शहीद जवान के घर जाकर परिवार के सदस्यों के साथ दु:ख साझा करते हैं और उन्हें एक करोड़ रुपए का चेक सौंपते हैं। इसके साथ ही यदि परिवार की कोई अन्य मांग होती है, तो उसके लिए भी तत्काल घोषणा की जाती है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने हाल ही में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए होमगार्ड जवान जसपाल सिंह के परिवार को एक करोड़ रुपए का चेक दिया। चेक सौंपते समय

मुख्यमंत्री ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए कहा कि राज्य सरकार अपने जवानों के परिवारों की भलाई के लिए वचनबद्ध है। शहीद का पुत्र पहले ही पुलिस बल में सिपाही के रूप में भर्ती हो चुका है। जसपाल सिंह ने सुलतानपुर लोधी में ड्यूटी के दौरान अपनी जान दी थी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार द्वारा आज एच.डी.एफ.सी. बैंक के माध्यम से एक करोड़ रुपए के बीमे की अदायगी की गई है, जबकि परिवार को पहले ही एक करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा चुकी है। यह पहल राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में शहीद के योगदान को सम्मानित करने के लिए है।

## मेरा नाम लेकर फोगाट तो जीत गई लेकिन कांग्रेस को डुबो दिया बृजभूषण सिंह

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** जुलाना निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस की उम्मीदवार विनेश फोगाट ने शानदार जीत हासिल की है। पूर्व डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष और भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह ने विनेश की जीत पर टिप्पणी करते हुए कहा, अगर विनेश फोगाट ने मेरा नाम लेकर जीत हासिल की है, तो इसका मतलब है कि मेरा नाम काफी महत्वपूर्ण है। लेकिन कांग्रेस को तो इस चुनाव में डुबो दिया। राहुल बाबा का क्या होगा? विनेश फोगाट ने भाजपा के प्रत्याशी योगेश

कुमार को 6,015 वोटों से हराया। शुरुआत में विनेश योगेश से पीछे चल रही थीं, लेकिन वोटों की गिनती खत्म होते-होते उन्होंने बढ़त बना ली। इस सीट पर इनेलो के उम्मीदवार सुरेंद्र लाथेर तीसरे स्थान पर रहे, जिन्हें इस चुनाव में 10,158 वोट मिले। हरियाणा विधानसभा चुनाव 5 अक्टूबर को एक ही चरण में संपन्न हुआ था। सोशल मीडिया पर भी विनेश फोगाट की जीत की चर्चा छाई हुई है। शुरुआती रुझानों में आगे-पीछे चलने के दौरान लोगों ने सोशल मीडिया पर जमकर रिएक्ट किया। एक यूजर ने लिखा, हालांकि विनेश फोगाट ओलंपिक में मेडल से चूक गईं, लेकिन जुलाना की जनता ने उन्हें राजनीति में गोल्ड मेडल दिया है। कुछ यूजर्स ने तो शुरुआती रुझानों के बाद ही विनेश को जीत की अग्रिम बधाई भी दे डाली। विनेश फोगाट की जीत ने न केवल कांग्रेस को मजबूती दी है, बल्कि राजनीति में उनकी पहचान को भी और मजबूत किया है।

# गमालदीव के राष्ट्रपति ने पत्नी के साथ ताजमहल का किया दीदार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ताजमहल, जो भारत के आगरा शहर में स्थित है, न केवल देश की ऐतिहासिक धरोहर है, बल्कि यह विश्वभर में प्रेम और कला का प्रतीक भी माना जाता है। हाल ही में, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने अपनी पत्नी सजीदा मोहम्मद के साथ ताजमहल का दौरा किया। यह यात्रा 4 दिवसीय भारत यात्रा का हिस्सा थी, जिसमें उन्होंने भारतीय संस्कृति और ऐतिहासिक स्थलों का आनंद लिया। मालदीव के राष्ट्रपति ने ताजमहल का दीदार करते समय विजिटर बुक में इस इमारत की खूबसूरती की तारीफ की। उन्होंने कहा कि ताजमहल

की सुंदरता को शब्दों में व्यक्त करना बहुत मुश्किल है, क्योंकि ऐसा करना नाइंसाफी होगी। उनका यह बयान ताजमहल के प्रति उनकी गहरी प्रशंसा को दर्शाता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति मुइज्जू और उनकी पत्नी का स्वागत करने के लिए काबीना मंत्री योगेंद्र उपाध्याय को आगरा एयरपोर्ट भेजा। यह स्वागत समारोह ताजमहल की भव्यता और महत्व को दर्शाता है। इस मौके पर, मुइज्जू को ताजमहल की एक छोटी प्रतिमा भी भेंट की गई, जो इस महान इमारत के प्रति उनकी श्रद्धा को प्रकट करती है। ताजमहल की इस विशेष यात्रा के कारण मंगलवार की सुबह 8 बजे से 10 बजे तक आम पर्यटकों के लिए ताजमहल बंद रहा। इस दौरान, राष्ट्रपति मुइज्जू और उनकी पत्नी ने ताजमहल के सामने कई तस्वीरें खिंचवाईं, जो उनके इस ऐतिहासिक स्थल के प्रति उत्साह और सराहना को दर्शाती हैं। ताजमहल के बाद, राष्ट्रपति और उनकी पत्नी आगरा में स्थित ओपन एयर क्राफ्ट विलेज %शिल्पग्राम% भी गए। यहां, स्थानीय ब्रज क्षेत्र के कलाकारों ने उनके स्वागत के लिए विशेष प्रदर्शन किए।

## हरियाणा में बीजेपी की हैट्रिक, पार्टी ऑफिस में शुरू हुआ जश्न

नई दिल्ली: हरियाणा विधानसभा चुनाव के अब तक आए रुझानों और नतीजों में जीत का संकेत मिलने और जम्मू-कश्मीर में अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की ओर बढ़ते ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के यहां स्थित मुख्यालय में मंगलवार दोपहर जश्न की शुरुआत हो गई। निर्वाचन आयोग के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, भाजपा हरियाणा में छह सीट जीत चुकी थी और 44 पर उसके उम्मीदवार बढ़त बनाए हुए थे। इस प्रकार वह 50 सीट पर जीत की ओर बढ़ती दिख रही है। अगर नतीजे भी इसके अनुरूप आते हैं तो यह हरियाणा में भाजपा का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन होगा। हरियाणा में साल 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 40 और साल 2014 के विधानसभा चुनाव में 47 सीट मिली थी।

खबर लिखे जाने तक भाजपा ने जम्मू-कश्मीर की 90 में से 26 सीट जीत ली थी और तीन पर उसके उम्मीदवार आगे थे। इससे पहले 2014 में हुए जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 25 सीट जीती थी और यह सभी जम्मू क्षेत्र की थीं। अपराह्न करीब तीन बजे हरियाणा में भाजपा का आंकड़ा 50 सीट पर पहुंचने के बाद भाजपा मुख्यालय में जश्न का माहौल शुरु हो गया। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाए।

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी और पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एक-दूसरे को मिठाई खिलाते नजर आए। इसके बाद, पार्टी मुख्यालय में जश्न शुरु हो गया। पार्टी सूत्रों ने बताया के भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मंगलवार शाम महासचिवों की एक बैठक बुलाई है, जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी यहां पहुंच सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री कार्यकर्ताओं को संबोधित भी कर सकते हैं।

## एमेलिया कर के रन आउट घटनाक्रम ने खड़े किए सवाल

**दुबई ( एजेंसी )।** दुबई में महिला टी20 विश्व कप 2024 में भारत-न्यूज़ीलैंड मैच के दौरान पहली पारी में एमेलिया कर को रन आउट न दिए जाने को लेकर विवाद की स्थिति पनप गई। भारतीय टीम ने 14वें ओवर में कर द्वारा रन लेने के प्रयास में रन आउट की अपील की, जिसे अंपायर ने नकार दिया।

दरअसल दीप्ति शर्मा की अंतिम गेंद पर लॉन्ग ऑफ़ पर शॉट खेले जाने के बाद सोफ़ी डिवाइन और कर ने मिलकर दूसरा रन लेने का प्रयास किया और स्ट्राइकर एंड पर कर क्रीज़ तक नहीं पहुंच पाईं। हालांकि दूसरे रन के लिए भागे जाने से पहले ही दीप्ति ने अंपायर से अपनी कैप वापस मांग ली थी। इसका मतलब था कि गेंद डेड हो चुकी थी क्योंकि अंपायर द्वारा गेंदबाज़ को कैप थमाए जाने के बाद गेंद को प्ले में नहीं माना जा सकता था और हरमनप्रीत कौर ने इस घटना के बाद ही गेंद को विकेटकीपर की ओर थ्रो किया था। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान सात मिनट तक के लिए खेल रुका रहा। भारतीय मुख्य कोच अमोल मज़ूमदार भी रन आउट न दिए जाने पर निराश दिखाई दिए। वह बाउंड्री लाइन के पास चौथे अंपायर के साथ चर्चा करते हुए दिखाई दे रहे थे। रन आउट की अपील नकारे जाने और सिंगल दिए जाने के बाद अगले ओवर की शुरुआत में कर को वापस स्ट्राइक पर आना चाहिए था, लेकिन उनकी जगह पर डिवाइन ने स्ट्राइक लिया और सिंगल लिए जाने के बाद कर वापस स्ट्राइक पर आ गईं।

# दिल्ली पहुंची टीम इंडिया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ग्वालियर टी20 मैच जीतने के बाद टीम इंडिया मंगलवार यानी 8 अक्टूबर को दिल्ली पहुंच गई है। जहां भारतीय टीम का स्वागत ढोल नगाड़ों के साथ हुआ, इस दौरान टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव ढोल की ताप पर भांगड़ा करते हुए नजर आए। इसका वीडियो बीसीसीआई ने अपने एक्स पर शेयर किया है। बता दें कि, 9 अक्टूबर को भारत और बांग्लादेश के बीच अरुण जेटली स्टेडियम में दूसरा टी20 मुकाबला खेला जाएगा। भारत और बांग्लादेश के बीच ग्वालियर में पहला टी20 मैच खेला गया, जिसे भारत ने जीता और सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली। वहीं फैंस को टीम इंडिया से दूसरे टी20 मैच में भी उम्मीद है कि वह बांग्लादेश को दूसरे टी20 मैच में भी हराएगी। इससे पहले दोनों टीमों के बीच टेस्ट सीरीज खेली गई थी जिसे रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम ने 2-0 से अपने नाम किया था। वहीं टी20 सीरीज शुरू होने से पहले बांग्लादेश के कप्तान नजमुल शंटो ने कहा था कि, टीम टी20 सीरीज को आक्रामक होकर खेलेगी। जिसके बाद पहले टी20 में बांग्लादेश की पूरी टीम 127 रनों पर ही सिमट गई। भारत ने मैच 12वें ओवर से पहले ही जीत लिया था। बांग्लादेश के कप्तान ने पहले टी20 इंटरनेशनल मैच के बाद अपने बैटर्स को कड़ा संदेश देते हुए कहा था कि पावरप्ले में तेजी से बैटिंग करना बहुत जरूरी है। वहीं टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपने साथी खिलाड़ियों की जमकर तारीफ की थी।

## बारबाडोस 2026 में, गयाना 2025 में सीपीएल फाइनल की मेजबानी करेगा

**त्रिनिदाद ( एजेंसी )।** कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) ने पुष्टि की है कि बारबाडोस का प्रतिष्ठित केंसिंग्टन ओवल 2026 में पहली बार सीपीएल फाइनल की मेजबानी करेगा, जबकि गयाना का प्रोविडेंस स्टेडियम 2025 के फाइनल के लिए स्थल के रूप में काम करेगा, जो प्रतिष्ठित मैच की मेजबानी करने वाला लगातार चौथा वर्ष है। यह घोषणा गत सीपीएल चैंपियन गयाना अमेज़न वारियर्स द्वारा 2024 के फाइनल में अपनी जगह पक्की करने से कुछ समय पहले की गई। गयाना के अध्यक्ष मोहम्मद इरफ़ान अली ने टीम की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और 2025 के फाइनल की मेजबानी को लेकर उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मैं इस अवसर पर गयाना अमेज़न वारियर्स को सफलता की कामना करना चाहता हूं क्योंकि हम लगातार दो बार से ऐसा करने की कोशिश कर रहे हैं।अन्य सभी टीमों के लिए, हम आपको शुभकामनाएं देते हैं क्योंकि हम एकता के साथ मिलकर खेलते हैं। मुझे यह घोषणा करते हुए भी बहुत खुशी हो रही है कि गयाना सीपीएल 2025 के फाइनल की मेजबानी करेगा। सीपीएल के सीईओ पीट रसेल ने लीग के इतिहास में दोनों मेजबान देशों के महत्व पर जोर दिया। रसेल ने दोनों देशों की सरकारों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा, गयाना और बारबाडोस पिछले 12 वर्षों से सीपीएल के लिए अद्भुत साझेदार रहे हैं और यह घोषणा करना वास्तव में रोमांचक है कि वे क्रमश: 2025 और 2026 में फाइनल के लिए मेजबान होंगे।

# मसूद-शफीक ने खेली बेहतरीन पारी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इस दौरान पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद और अब्दुल्ला शफीक ने मिलकर मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में जमकर गदर मचाया। पाकिस्तान ने पहला विकेट 8 रनों पर गंवाया था और दूसरे विकेट के लिए इंग्लैंड 261 रनों का इंतजार करना पड़ा। शान और शफीक ने मिलकर पाकिस्तान के लिए दूसरे विकेट के लिए 253 रनों की बेहतरीन साझेदारी निभाई। लेकिन ये दोनों मिलकर 20 साल पुराना सचिन तेंदुलकर और वीरेंद्र सहवाग का 2004 मुल्तान टेस्ट का रिकॉर्ड तोड़ने में असफल रहे। बता दें कि, 2004 में वीरेंद्र सहवाग और सचिन तेंदुलकर ने मुल्तान टेस्ट में पाकिस्तान के खिलाफ 336 रनों की साझेदारी निभाई थी, जो इस स्टेडियम पर की कई आज तक की सबसे बड़ी साझेदारी है। तीसरे नंबर पर इस मामले में ब्रायन लारा और ड्वेन ब्रावो हैं, जिन्होंने 2006 में इसी मैदान पर 200 रनों की साझेदारी निभाई थी। सचिन और सहवाग ने जिस मैच में 336 रनों की साझेदारी निभाई थी, वह टेस्ट मैच इतिहास के पन्नों में दर्ज है। भारत ने उस मैच में पाकिस्तान को एक पारी और 52 रनों से मात दी थी। भारत ने पहली पारी पांच विकेट पर 675 रनों पर घोषित कर दी थी। वीरेंद्र सहवाग ने उस मैच में 309 रन बनाए थे, वहीं तेंदुलकर 194 रन बनाकर नॉटआउट लौटे थे। तेंदुलकर जब 194 रन पर खेल रहे थे तो उस समय टीम इंडिया के कप्तान राहुल द्रविड़ ने पारी घोषिथ कर दी थी जिसको लेकर बाद में काफी विवाद हुआ था। अब पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच जारी तीन मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट मैच की। जहां पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मुल्तान में पहले गेंदबाजों को पिच से बिल्कुल भी मदद नहीं मिल रही है। पाकिस्तान ने ना सिर्फ विकेट बचाए, बल्कि तेजी से रन भी बनाए। शान मसूद 151 रन बनाकर जबकि अब्दुल्ला शफीक 102 रन बनाकर आउट हो गए।

## शेफाली ने कहा- पहले से बेहतर हो गई है श्रीलंका की टीम

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का मानना है कि श्रीलंका की टीम पहले से बेहतर हो गई है और उसे किसी भी तरह से हल्के से नहीं लिया जा सकता क्योंकि वह अब केवल चमारी अटापट्टू पर ही निर्भर नहीं है। भारत को महिला टी20 विश्व कप के अपने अगले मैच में बुधवार को श्रीलंका का सामना करना है जिसने उसे एशिया कप के फाइनल में हराया था भारतीय टीम को इसके बाद 13 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया का सामना करना है। शेफाली ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जीत में 32 रन का योगदान देने के बाद स्टार स्पोर्ट्स से कहा,''इससे पहले उनकी तरफ से चमारी ही अधिक रन बनाती थी और विकेट लेती थी लेकिन एशिया कप में उनकी पूरी टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया। उनकी टीम में काफी सुधार हुआ है और इसलिए वह एशिया कप जीतने में सफल रही।''

## पूर्व दिग्गज ने दी ऑस्ट्रेलियाई टीम को सलाह, कहा- बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ट्रेविस हेड से ना कराए ओपनिंग

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अगले महीने नवंबर में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेली जाएगी। लेकिन उससे पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को लेकर अपनी टीम को एक बड़ी सलाह दी है। दरअसल, चैपल ने भारत के खिलाफ खेली जाने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया को बताया है कि उनको ट्रेविस हेड के साथ पारी की शुरुआत नहीं करनी चाहिए। बता दें कि, डेविड वॉर्नर ऑस्ट्रेलिया के लिए बतौर ओपनर बल्लेबाज थे, लेकिन उनके रिटायरमेंट के बाद टीम में ओपनिंग स्पॉट खाली है, अभी तक टीम को बेस्ट ओपनर नहीं मिला है। हालांकि, स्टीव स्मिथ ने ओपनर की भूमिका निभाई थी लेकिन वो सफल नहीं रहे। ओपनर के तौर पर उनका औसत 30 से भी कम है, जबकि नंबर तीन और चार पर वे 60 से ज्यादा के औसत से खेलते रहे हैं। वहीं ट्रेविस हेड इस समय ऑस्ट्रेलिया के बड़े मैच विनर्स में शामिल हैं, खासकर भारत के खिलाफ उनका रिकॉर्ड बेहतरीन है। आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023 का फाइनल हो या वर्ल्ड कप 2023 फाइनल हो, ट्रेविस हेड की बदौलत ही ऑस्ट्रेलियाई टीम को जीत हासिल हुई थी। बावजूद इसके इयान चैपल नहीं चाहते हैं कि वे टीम के लिए बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत के खिलाफ ओपनिंग करे। उन्होंने ईएसपीएन क्रिकइंफो को लिखे अपने कॉलम में कहा कि, टेस्ट क्रिकेट में ट्रेविस हेड की ओपनिंग 50 ओवर और टी20 क्रिकेट दोनों में नई गेंद का सामना करने में उनकी बेजोड़ सफलता पर आधारित है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि हेड, अपनी अत्यधिक आक्रामक शैली के साथ, खेल के दो छोटे फॉर्मेट में ओपनिंग करने के लिए आदर्श खिलाड़ी हैं।

## विराट कोहली ने मां सरोज के साथ किया डांस

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** विराट कोहली सिर्फ अपने खेल ही नहीं बल्कि मैदान पर अपने डांस के लिए भी जाने जाते हैं। फील्डिंग के दौरान कोहली फैंस का मनोरंजन करने के लिए थिरकते नजर आते हैं। लेकिन अब सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रही है उसमें कोहली अपनी मां सरोज के साथ डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। ये वीडियो हर किसी को पसंद आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वीडियो कोहली और अनुष्का शर्मा की शादी का है। जब दिल्ली में रिसेप्शन हुआ था, विराट कोहली ने दिसंबर 2017 में अनुष्का के साथ शादी रचाई थी। शादी के बाद तत्कालीन भारतीय कप्तान ने दिल्ली में शानदार रिसेप्शन का आयोजन किया था। वीडियो में देखा जा सकता है कि कोहली पंजाबी गाने पर डांस कर रहे होते हैं। डांस करते-करते वह अपनी मां सरोज कोहली के पास पहुंच जाते हैं और फिर वह अपनी मां को डांस के लिए उठा लेते हैं। बता दें कि, विराट कोहली और अनुष्का शर्मा की शादी को अब करीब 7 साल गुजर चुके हैं, मौजूदा वक्त में दोनों के दो बच्चे भी हैं, जहां बेटी का नाम वामिका तो बेटे का नाम अकाय है।

# शाकिब अल हसन खेल पाएंगे अपने घर पर विदाई टेस्ट मैच, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड कर रहा तैयारी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बांग्लादेश की टीम के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन के फैंस को लिए अच्छी खबर है। दरअसल, शाकिब अपनी सरजमीं पर अपना आखिरी टेस्ट मैच खेलते हुए नजर आ सकते हैं। भारत के खिलाफ कानपुर टेस्ट मैच उनका विदाई टेस्ट मैच माना जा रहा था।

लेकिन वह आखिरी विदेशी टेस्ट कहा जाएगा, क्योंकि उनके बांग्लादेश के मीरपुर में विदाई टेस्ट सीरीज खेलने के रास्ते लगभग साफ हो चुके हैं। जो सपना शाकिब ने देखा था, वह साकार होने जा रहा है। वे अपना विदाई टेस्ट मैच अपने होम ग्राउंड पर खेलना चाहते थे और अब ये संभव लग रहा है। शाकिब अल हसन को युवा और खेल सलाहकार आसिफ महमूद शोजिब भुईजान से मजबूत समर्थन मिला है, जिन्होंने अपनी व्यक्तिगत इच्छा व्यक्त की है कि ये दिग्गज

ऑलराउंडर बांग्लादेश में अपना अंतिम टेस्ट मैच खेले। भुईजान ने बांग्लादेश और स्कॉटलैंड के बीच खेले वुमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2024 के मैच के दौरान कहा कि, शाकिब एक ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने देश के लिए बहुत योगदान दिया है। चूंकि वह बांग्लादेश में अपना अंतिम टेस्ट मैच खेलना चाहते हैं, इसलिए मैं व्यक्तिगत रूप से उम्मीद करता हूं कि उन्हें वह अवसर मिले। उन्होंने कहा कि, हम अपने खिलाड़ियों को निश्चित रूप से हाईएस्ट लेवल की सुरक्षा प्रदान करेंगे। अगर किसी के खिलाफ कोई आरोप है, तो वह एक अलग मुद्दा है। मैं उस टिप्पणी नहीं कर सकता, क्योंकि ये कानून मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में आता है। हालांकि, हम पहले ही शाकिब अलह हसन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबंध हैं और हम उस प्रतिबद्धता का सम्मान करेंगे। इससे पहले आसिफ महमूद शोजिब भुईजान ने साफ कहा था कि शाकिब को सुरक्षा मांगने के लिए अपना राजनीतिक रुख स्पष्ट करना होगा।

# 2027 वनडे वर्ल्ड कप खेलेंगे रोहित शर्मा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा के बचपन के कोच दिनेश लाड ने हिटमैन को लेकर बड़ा दावा किया है। दिनेश लाड ने कहा है कि, रोहित शर्मा भले ही वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल के बाद टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट ले लें, लेकिन 2027 के वनडे वर्ल्ड कप में वे खेलते हुए नजर आएंगे। उनका कहना है कि रोहित की उम्र बढ़ रही है और वह वनडे क्रिकेट पर फोकस करने के लिए टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट के बाद टेस्ट क्रिकेट से भी संन्यास ले सकते हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद रोहित ने टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। वहीं रोहित के बचपन के कोच दिनेश लाड ने दैनिक जागरण से बात करते हुए कहा कि, मैं ये नहीं कह रहा हूं कि आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल के बाद वे टेस्ट क्रिकेट से रिटायमेंट ले लेंगे। शायद रिटारयमेंट ले भी लें, क्योंकि जैसे-जैसे उनकी उम्र बढ़ रही है उसे देखते हुए ऐसा लग रहा है कि वह टेस्ट से संन्यास ले सकते हैं। इसका कारण ये भी हो सकता है कि वह वनडे क्रिकेट के लिए खुद को फिट रखना चाहते हों। हालांकि, मैं इस बारे में 100 प्रतिशत वादा करता हूं कि रोहित 2027 वनडे वर्ल्ड कप खेलेंगे। दिनेश लाड ने रोहित शर्मा के वनडे वर्ल्ड कप 2027 में खेलने की बात कही है, क्योंकि रोहित शर्मा अपने करियर में एक वनडे वर्ल्ड कप जीतना

चाहते थे। 2011 के वनडे वर्ल्ड कप के लिए वे टीम में नहीं चुने गए थे, जिसे भारत ने जीता था इसके बाद 2015 में वे टीम को वर्ल्ड कप नहीं जिता पाए, जबकि 2019 के वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने के बावजूद उनकी टीम सेमीफाइनल में हार गई थी। वहीं, 2023 के वनडे वर्ल्ड कप का फाइनल भारत ने गंवा दिया था।

विभिन्न टीमों के 300 से अधिक प्रतिभागी प्रतिदिन दे रहे मनमोहक प्रस्तुति

# सदगुरु नवरात्रि उत्सव में दिखे गुजरात के गरबा के रंग

**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट (निप्र)।** परमहंस संत श्री रणछोड़दास जी महाराज के कर कमलों द्वारा चित्रकूट के जानकीकुण्ड में स्थापित अंतर्राष्ट्रीय नेत्र सेवा संस्थान श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्री उत्सव अत्यंत हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है । कार्यक्रम का समस्त आयोजन सदगुरु महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती उषा जैन के मार्गदर्शन एवं स@ालन में आयोजित हो रहा है । श्रीमती जैन ने बतलाया कि विगत लगभग 40 वर्षों से नवरात्री उत्सव सदगुरु परिवार के समस्त सदस्यों द्वारा मनाया जा रहा है, जिसमें विभिन्न प्रकार से माँ भगवती की आराधना का क्रम चलता आ रहा है । पहले ढोलक की थाप पर महिलाएं गरबा नृत्य कर माँ की आराधना करती थी। समय के साथ इस पर्व का स्वरुप और बढ़ गया एवं आज सदगुरु परिवार के छोटे-छोटे बालक-बालिकाओं के साथ सभी प्रकाप के कार्यकर्त्ता भी इसमें बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं । इस वर्ष कुल 16 टीमों में 300 से भी अधिक हर उम्र के प्रतिभागी डंडिया-गरबा की प्रस्तुति नौ दिवसों तक दे रहें हैं । इनमें से कुछ टीमों का महाष्टमी को फाइनल प्रतियोगिता होगी एवं शेष की नवमी को । इस वर्ष की प्रतिभागी टीमों में नन्ही परियाँ,बालगोपाल, सनातनी,माँ अम्बे, जगदम्बे, ईश्वरी,वैशाली, विनायक, छलिया, सिद्धि, वीणावादिनी, वैंदेही, अनन्ता,वैष्णवी, विराटेश्वरी एवं गुरुकृपा हैं । प्रतिदिन सर्वप्रथम सभी माताजी का थाल और आरती कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं एवं तदुपरांत टीमों की प्रस्तुति का क्रम आरम्भ होता है । शक्ति आराधना के इस महापर्व नवरात्री पर ट्रस्टी डॉ.बी.के.जैन, डॉ. इलेश जैन एवं महिला समिति अध्यक्ष उषा जैन ने समस्त चित्रकूट वासियों को अपनी शुभकामनायें प्रेषित की तथा प्रतिदिन आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु आग्रह भी किया है।

## फिला टेली दिवस पर विषेश आवरण का विमोचन

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** राष्ट्रीय डाक सप्ताह के दौरान फिलाटेली दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा ने सतना और मैहर जिले की सीमा पर स्थित बृहस्पति कुण्ड पर विशेष आवरण का विमोचन किया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जबलपुर परिक्षेत्र के सतना प्रधान डाकघर द्वारा आयोजित समारोह में अधीक्षक डाकघर एसके राठौर, सहायक अधीक्षक श्री अग्निहोत्री, फिलाटिस्ट सुधीर जैन, मनमोहन माहेश्वरी सहित जिले के फिलाटिस्ट (डाक टिकट संग्रहकर्ता) भी उपस्थित थे।

भारतीय डाक विभाग द्वारा जारी बृहस्पति कुण्ड पर आधारित विशेष आवरण के विमोचन करते हुए कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कहा कि सतना और पन्ना जिले की सीमा में बृहस्पति प्रपात के कुण्ड और जल बहाव का पूरा हिस्सा सतना और प्रपात के झरने के स्त्रोत का हिस्सा पन्ना जिले में आता है। डाक टिकट और लिफाफे पर मुद्रित सामग्री पहले के जमाने में सूचना और जानकारी का बहुत बडा स्त्रोत हुआ करती थी। डाक टिकट पर मुद्रित विषय के बारे में जानकारी प्राप्त करने की जिज्ञासा हमारा ज्ञानवर्धन करती है। सतना जिले में फिलाटिस्ट को डाक टिकट संग्रह करने का जुनून अन्य स्थानों से कही ज्यादा देखने को मिलता है।

डाक अधीक्षक एसके राठौर ने बताया कि भारतीय डाक विभाग द्वारा पूरे देश में 7 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत ₹ मशः मेल एवं पार्सल दिवस फिलाटेली दिवस का आयोजन किया गया है। सप्ताह के दौरान 9 अक्टूबर को विश्व डाक दिवस, 10 अक्टूबर को अंत्योदय दिवस, 11 अक्टूबर को वित्तीय सशक्तीकरण दिवस मनाया जायेगा। रीवा संभाग में रीवा के पुरवा जल प्रपात, सतना के बृहस्पति कुण्ड सहित पूरे प्रदेश में विरासत से विकास की ओर की थीम पर विशेष आवरण जारी किये गये हैं। डाक टिकट हमारे मनो मस्तिष्क पर अमिट छाप छोडती है।

फिलाटिस्ट सुधीर जैन ने बताया कि सतना जिले की कई महत्वपूर्ण हस्तियों पर डाक टिकट जारी किये गये हैं। इनमें उस्ताद अलाउद्दीन खां, अकबर अली खां, नानाजी देशमुख, अरविंद मफतलाल और व्हाईट टाइगर पर डाक टिकट शामिल हैं।

## मैहर जिले में 65 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने जिले के विभिन्न अंचलों से अपनी समस्याओं का आवेदन लेकर आये 65 आवेदकों की समस्याएं सुनी और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, जिला कार्यर₹ म एवं महिला बाल विकास अधिकारी राजेंद्र बांगरे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

इस दौरान विनीता द्विवेदी पति प्रमोद कुमार निवासी सरस्वती नगर मैहर ने बताया कि उमरीपैला पटवारी हल्का 65 मैहर में आराजी नंबर 84/10 रकवा 0.010 हेक्टेयर क्षेत्रफल 1110 वर्ग फुट आराजी को कंप्यूटर में प्रार्थी का नाम दर्ज किया जाए। इसी प्रकार सुरेश कुमार चौधरी पिता सुखराम निवासी ग्राम हरदुआकला ने बताया कि मेरे तीन पुत्र रमेश सुरेश एवं मुन्नू रमेश और मुन्नू ने अपने हिस्से की भूमि बिर ी कर दी है। उक्त भूमि का सीमांकन करने का आवेदन दिया गया। राजेंद्र हरिजन पिता अर्जुन हरिजन निवासी मैहर ने बताया कि मेरी माता मुन्नी बाई का मैहर नगर पालिका में सफाई संरक्षक पद पर कार्यरत रहते हुए 27 मई 2020 को कोविड में मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद पत्र देने के परिवार से किसी भी व्यक्ति को अनुकंप्पा नियुक्त नही की गई है। उक्त आवेदन के आधार पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर ने विभागीय अधिकारी को प्राप्त शिकायतो का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए।

## कमिश्नर ने जन सुनवाई में की प्रकरणों की सुनवाई

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित जन सुनवाई में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने आमजनता के आवेदनों में सुनवाई की। कमिश्नर ने दो महिलाओं के आँगनवाड़ी कार्यकर्ता के भर्ती के संबंध में दिए गए आवेदनों पर संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास को कार्यवाही के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी जन सुनवाई के आवेदन पत्रों का तत्परता से निराकरण करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। जिलाधिकारियों को प्राप्त जन सुनवाई के आवेदन एवं अन्य आवेदनों के निराकरण की भी नियमित रूप से समीक्षा करें। जन सुनवाई में राशनकार्ड बनाने, पेंशन, पेयजल व्यवस्था सहित विभिन्न आवेदनों में सुनवाई की गई।

# जनसुनवाई में 62 प्रकरणों की हुई सुनवाई

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित मंगलवार की जनसुनवाई में अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे एवं डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये आवेदकों की समस्यायें सुनी। जनसुनवाई में 62 आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं और समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर उप संचालक सामाजिक न्याय सौरभ सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान जनसुनवाई में आए करही खुर्द सतना निवासी बूटी बाई चौधरी को अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े द्वारा तत्काल ट्राई सिकिल और वैशाखी प्रदान की गई। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने, अनुकंपा नियुक्ति, गरीबी रेखा में नाम जोड़ने, खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटाने, राशन कार्ड बनाने, विद्युत समस्या, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, जमीन का कब्जा दिलाने, चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने, भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

# विभागीय कार्यों के साथ स्कूलों और आँगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करें - कमिश्नर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि सभी अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण के दौरान विभागीय कार्यों के साथ स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करें। इनकी व्यवस्थाओं को बेहतर करने में योगदान दें। मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों में सुधार का कार्य तत्काल शुरू कराएं। रीवा में 23 अक्टूबर को रीजनल इंडस्ट्रियल कॉनक्लेव का आयोजन होगा। इसके पूर्व रीवा शहर को जोड़ने वाली सभी प्रमुख सड़कों एवं पुलों एवं ओवरब्रिजों में सुधार के कार्य अनिवार्य रूप से पूरे कराएं।

कमिश्नर ने कहा कि बोनी शुरू होते ही खाद और बीज की माँग बढ़ेगी। खाद के आवंटन, उठाव और वितरण की प्रतिदिन जानकारी दें। विपणन संघ खाद की माँग बढ़ने पर अतिरिक्त खरीदी केन्द्र शुरू करके किसानों को सुविधाजनक ढंग से खाद का वितरण कराएं। निजी दुकानदारों द्वारा खाद वितरण की कड़ी निगरानी करें। खाद और बीज के नमूने लेकर इनकी नियमित रूप से जाँच करें। अमानक नमूने पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही करें। जल संसाधन विभाग की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि संभाग के जिन तालाबों तथा स्टॉपडेम में अच्छी वर्षा के बावजूद पानी का संचय नहीं हुआ है मुख्य अभियंता उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इनके दोषी तकनीकी अधिकारियों पर जिम्मेदारी निर्धारित कर कार्यवाही प्रस्तावित करें। कमिश्नर ने बैठक से बिना सूचना अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि 23 अक्टूबर को रीजनल इंडस्ट्रियल कॉनक्लेव में उद्योग, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण तथा अन्य संभावित उद्यमों की स्थापना के लिए निवेश प्रस्तावों को पोर्टल पर अपलोड कराएं। अब तक लगभग 1300 करोड़ रुपए के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इसके आयोजन के लिए कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में आवश्यक प्रबंध करें। मुख्य अभियंता विद्युत वितरण कंपनी बिजली लाइनों में सुधार तथा खराब ट्रांसफार्मर सुधारने के कार्य प्राथमिकता से कराएं। सिंचाई शुरू होते ही बिजली की माँग तेजी से बढ़ेगी। बिजली की समुचित आपूर्ति के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

कमिश्नर ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग विकासखण्ड स्तर तक संयुक्त बैठकें आयोजित करके महिलाओं तथा बच्चों के कल्याण की योजना का प्रभावी क्रियान्वयन करें। क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सभी जिलों में नवम्बर माह में स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन कराएं। सभी स्वस्थ अधिकारी और कर्मचारी भी इन शिविरों में रक्तदान करें। स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए भी रक्तदान करना आवश्यक है। कमिश्नर ने कहा कि उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग प्रत्येक छात्रावास के लिए नोडल अधिकारी तैनात कर हर माह छात्रावासों का निरीक्षण कराएं। उनकी निरीक्षण रिपोर्ट प्राप्त कर उस पर समुचित कार्यवाही करें। कमिश्नर ने कहा कि संभाग में तीन सौ से अधिक पेंशन प्रकरण लंबित हैं। सभी कार्यालय प्रमुख 21 अक्टूबर तक सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण अनिवार्य रूप से पेंशन कार्यालय में दर्ज करा दें। समय सीमा का पालन न करने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। विभागीय जाँच के कारण जो पेंशन प्रकरण लंबित हैं उनमें दो माह में विभागीय जाँच पूरी करके प्रकरण दर्ज कराएं। कमिश्नर ने कहा कि संभाग में राजस्व, खाद्य, ग्रामीण विकास विभाग, पीएचई, महिला एवं बाल विकास विभाग, वित्त विभाग तथा अन्य कई विभागों में सीएम हेल्पलाइन के हजारों प्रकरण लंबित हैं। इनके निराकरण के लिए विशेष प्रयास करें। बैठक में कमिश्नर ने हैण्डपंपों के सुधार, पेयजल स्रोतों के शुद्धीकरण, निर्माण कार्यों के लिए वन भूमि में अनुमति के प्रस्तावों तथा मछली पालन के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर एवं प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सपना त्रिपाठी, उपायुक्त दिव्या त्रिपाठी, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग संजय खाण्डे, मुख्य अभियंता विद्युत मण्डल आईके त्रिपाठी, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ केएल नामदेव, संयुक्त संचालक शिक्षा एसके त्रिपाठी, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास ऊषा सिंह सोलंकी, संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ राजेश मिश्रा, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, क्षेत्रीय संचालक उच्च शिक्षा आरपी सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## महिलाओं को आर्थिक रूप से सषक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने का कार्य रही सरकार

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सांसद गणेश सिंह ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने का कार्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। रामनगर के अंशिका गार्डन में आयोजित महिला सम्मेलन कार्यर₹ म में स्व-सहायता समूहों की महिलाओं एवं लाडली बहना योजना की हितग्राहियों को संबोधित कर रहे थे। सांसद श्री सिंह ने कहा कि सरकार की योजनाओं में स्व-सहायता समूह की महिलायें बैंक द्वारा ऋण प्राप्त कर विभिन्न आजीविका गतिविधियां संचालित कर अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उनके हित के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से स्व-सहायता समूह की महिलाओं और लाडली बहना योजना की हितग्राही को कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, पूर्व राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल उपस्थित रहे।

## पीजी कॉलेज के प्राचार्य को शोकाज

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर अनुराग वर्मा द्वारा शासकीय पीजी कॉलेज सतना के प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस अनुसूचित जाति पो0 मै0 छात्रवृत्ति एमपी टॉस पोर्टल में शैक्षणिक सत्र वर्ष 2021-22, वर्ष 2022-23 एवं वर्ष 2023-24 पो0 मै0 छात्रवृत्ति नाट वेरिफाई रिपोर्ट पोर्टल से प्राप्त करने पर संस्था एवं संस्था से संबद्ध अशासकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत अनुसूचित वर्ग के कुल 59 विद्यार्थियों के आवेदनों को नाट वेरिफाई करने पर जारी किया गया है। जिससे अनुसूचित वर्ग के विद्यार्थी छात्र योजना से वंचित हो गये हैं। कलेक्टर ने कारण बताओ नोटिस का जबाव 3 दिवस के अंदर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। नोटिस का जबाव समय-सीमा तथा समाधानकारक नहीं प्राप्त होने के दशा में एक पक्षीय कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।

## 6 पर आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मैहर जिले में ताला थाना अंतर्गत उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता अलोक खरे एवं जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम के निर्देशन मे टीम बनाकर क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर दी गई दबिश के दौरान अवैध मदिरा के निर्माण और संग्रहण पर कार्यवाही की गई। इस मामले में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के अंतर्गत 6 लोगों के विरुद्ध अपराधिक प्रकरण कायम किये गये है। कार्यवाही में थाना ताला अंतर्गत मुकुंदपुर निवासी संतोषी साकेत के कब्जे से 90 किलो महुआ लाहन, सुशील साकेत के कब्जे से 120 किलो महुआ लाहन, पुष्पेन्द्र साकेत के कब्जे से 180 किलो महुआ लाहन, महावली के कब्जे से 150 किलो महुआ लाहन एवं 8 लीटर हाथभट्टी और ग्राम ललितपुर निवासी गुड्डू मांझी के कब्जे से 135 किलो महुआ लाहन एवं 13 लीटर हाथभट्टी तथा नीता मांझी के कब्जे से 30 किलो महुआ लाहन बरामद किया गया है। इस कार्यवाही में जब्त की गई 705 किलो ग्राम महुआ लाहन एवं 31 लीटर हाथभट्टी मदिरा बरामद की गई है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि सतना एवं मैहर जिले अंतर्गत नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अवैध मदिरा विनिर्माण, संग्रहण विर₹ य एवं परिवहन करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## मैहर जिले में रोजगार मेला आज

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** जिला रोजगार कार्यालय सतना एवं शासकीय आईटीआई कॉलेज मैहर के सहयोग से 9 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक शासकीय आईटीआई कॉलेज सरला नगर रोड, कृषि उपज मंडी के पास मैहर में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी पुरुष एवं महिला बेरोजगार आवेदक मूल अंकसूची एवं उसकी छायाप्रति, निवास प्रमाण-पत्र, वोटर आईडी या आधार कार्ड तथा पासपोर्ट साइज की फोटो के साथ सम्मिलित हो सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में कंपनी वैकमेट इंडिया लिमिटेड धार में ट्रेनी, आटोमोबाइल सेक्टर अहमदाबाद, गैवीनाथ बायोटेक, क्युकार्ट प्राइवेट लिमिटेड फ्लिपकार्ट, मेघना मोटर्स सतना, लिंकअप ग्रुप मैहर एवं सिक्योरिटी गार्ड ट्रेनिंग एकेडमी तथा अन्य कंपनिया शामिल होंगी। रोजगार मेले में सम्मिलित होने वाले आवेदक अपनी निर्धारित योग्यता में 8वीं, 10वीं, 12वीं एवं आईटीआई में इलेक्ट्रीशियन, मशीनिष्ट, इलेक्ट्रानिक में पास के साथ तथा उम्र 18 से 37 वर्ष तक की उम्र के आवेदक सम्मिलित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

## विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम एवं कार्यपालन अभियंता द्वारा बताया गया कि जिले के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को जिनके द्वारा वितरण केन्द्र स्तर पर गलत विद्युत देयकों के सुधार अथवा मीटर आदि से संबंधित शिकायते की गई हो एवं उनका निराकरण लंबित हो। ऐसे उपभोक्ताओं के शिकायतो के निराकरण हेतु अध्यक्ष वृत्त स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के द्वारा शिविर का आयोजन 9 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक कार्यालय अधीक्षण अभियंता के सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। जिसमें उपभोक्ता उपस्थित होकर लंम्बित शिकायतों के निराकरण हेतु अपना अभ्यावेदन 3 प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है। उपभोक्ताओं के आवेदनों पर सुनवाई की जाकर प्रकरण को निराकृत किया जायेगा।

## 50वां उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी के संयोजन में जिला प्रशासन मैहर के सहयोग से 8 से 10 अक्टूबर, 2024 को स्टेडियम ग्राउंड, मैहर में किया जा रहा है। समारोह के दूसरे दिन 9 अक्टूबर को सायं 7 बजे से सर्वप्रथम विदुषी संचिता भट्टाचार्य, कोलकाता द्वारा ओडिसी समूह नृत्य की प्रस्तुति दी जावेगी। अगली प्रस्तुति श्री अंशुल प्रताप सिंह, भोपाल द्वारा तबला वादन की होगी। तत्पश्चात पं. अभय रुस्तम सोपोरी, दिल्ली द्वारा संतूर वादन और अंतिम प्रस्तुति पं. उदय कुमार मलिक, दिल्ली की गायन की होगी। तीसरे एवं अंतिम दिन सायं 7 बजे से सर्वप्रथम मैहर वाद्य वृन्द द्वारा वाद्य वृन्द की प्रस्तुति, इसके बाद विदुषी कस्तूरी पटनायक एवं साथी, दिल्ली द्वारा ओडिसी समूह नृत्य, तत्पश्चात सुश्री संजुक्ता दास, कोलकाता द्वारा गायन की प्रस्तुति दी जावेगी। अगले ₹ म में पं. शशांक सुब्रमणियम, चेन्नई द्वारा बांसुरी वादन और अंतिम प्रस्तुति सुश्री भद्रा सिन्हा एवं साथी, नई दिल्ली द्वारा भरतनाट्यम की होगी। कार्यर₹ म में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। इस अवसर पर दो प्रदर्शनियां भी आयोजित की जा रही हैं, जिसके तहत ''देवी'' प्रदर्शनी के अंतर्गत 108 नाम रहस्यों पर आधारित लघु चित्रों की प्रदर्शनी और ''तंतु'' के अंतर्गत तार वाद्यों पर केन्द्रित प्रदर्शनी आयोजित होगी।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।